कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 353, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 21 जनवरी 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## असम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के काफिले पर हमला निंदनीय : कांग्रेस

**नई दिल्ली**

कांग्रेस ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के काफिले पर शुक्रवार रात को असम के लखीमपुर में हुए हमले की निंदा की है। पार्टी ने कहा कि यात्रा को जनता के मिल रहे भरपूर सहयोग व समर्थन से भाजपा घबरा गई है। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि असम में हुआ हमला इस बात को दशार्ता है कि कांग्रेस और राहुल गांधी को मिल रहे समर्थन से मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा घबरा गए हैं। माकन ने कहा कि हम भाजपा से कहना चाहते हैं कि हम डरने वाले नहीं हैं। देश की जनता की आवाज उठाने वाली इस यात्रा को रोकने की हिम्मत न की जाए। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को जनता का भरपूर सहयोग और समर्थन मिल रहा है, जिसे देखकर भाजपा व उनके नेता घबरा गए हैं। शुक्रवार रात लखीमपुर में जिस तरीके से कांग्रेस के लोगों की गाड़ियों को तोड़ा गया, पोस्टर फाड़े गए, पार्टी के खिलाफ नारे लगाए गए यह इस बात को दर्शाता है कि भाजपा घबरा गई है।

## भाजपा का गांव चलो अभियान 4 फरवरी से 11 फरवरी तक

**नई दिल्ली**

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का लक्ष्य लोकसभा चुनाव में हैट्रिक लगाने का है। इसके लिए भाजपा 4 से 11 फरवरी तक गांव चलो अभियान चलाने का मेगा प्लान तैयार किया है। इस दौरान सात लाख गांवों और शहर के हर बूथ पर पार्टी कार्यकर्ता की मौजूदगी रहेगी। इस अभियान के तहत पार्टी के नेता मोदी सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएंगे। शनिवार को भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय में गांव चलो अभियान के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसे राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने संबोधित किया। इस मौके पर जे पी नड्डा ने नेताओं को सात लाख गांव और शहरी बूथों तक सरकार की उपलब्धियों को ले जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 4 फरवरी से 11 फरवरी तक बहुआयामी और व्यापक जन आंदोलन अभियान चलाया जाएगा और इसमें लगभग 30 लाख कार्यकर्ता भाग लेंगे। इस अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार के काम को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसके लिए अभियान के तहत आने वाले समय में संगठन के 988 जिलों और 16,188 मंडलों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# 'राम मंदिर को लेकर गलत जानकारी देने से बचें'

## एक्शन मोड में आई सरकार: केंद्र सरकार ने मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्म को किया सचेत

**नई दिल्ली**

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले कई तरह की गलत जानकारी विभिन्न साइटों और सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म पर चल रही हैं। इसको लेकर अब सरकार एक्शन मोड में आ गई है। सरकार ने मीडिया आउटलेट्स, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से राम मंदिर कार्यक्रम से संबंधित झूठी, हेरफेर की गई सामग्री प्रकाशित करने से सचेत किया है।

**मंत्रालय ने दी ये सलाह**

सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा ये सलाह दी गई है। मंत्रालय ने अपनी एडवाइजरी में कहा कि हाल ही में यह देखने को मिला है कि कुछ असत्यापित, उत्तेजक और भ्रामक संदेश सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं। ये संदेश सांप्रदायिक सद्भाव और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ सकते हैं। अयोध्या में राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित होंगे।

**टीवी चैनलों को संदेश**

एडवाइजरी में समाचार पत्रों, निजी सैटेलाइट टीवी चैनलों और डिजिटल मीडिया पर समाचार प्रकाशकों से ऐसी किसी भी सामग्री को प्रकाशित और प्रसारित करने से परहेज करने को कहा गया है जो झूठी या हेरफेर की जा सकती है। एडवाइजरी में कहा गया है, हम इन सबके बीच सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को सलाह देते हैं कि वे ऊपर बताई गई जानकारी को प्रदर्शित या प्रकाशित न करें।






## भव्यता और सुंदरता देख खुश हो जाएगा मन

**अयोध्या**

**अयोध्या** में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। इसकी तैयारियां भी पूरी हो चुकी हैं। मंदिर प्रांगण को फूलों से सजाया जा रहा है। इससे जुड़ा हुआ एक वीडियो सामने आया, इस वीडियो में भरपूर रौनक दिखाई दे रही है और जगमगाती हुई रोशनी में राम मंदिर की रंगत देखते ही बन रही है।



**फूलों ने बढ़ाई मंदिर की रौनक**

प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले सामने आए वीडियो में मंदिर की भव्यता दिखाई दे रही है। कलकत्ता के फूलों से सजा हुआ मंदिर प्रांगण और भी ज्यादा खूबसूरत लग रहा है। शनिवार को निर्माण कार्य पूर्णतः बंद रहेगा और साज सज्जा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कलकत्ता से मंगाये गए फूलों से मंदिर का एक-एक हिस्सा सजाया जा रहा है। बता दें कि गर्भगृह में भगवाव राम के बाल स्वरूप की मूर्ति स्थापित की गई है, लेकिन मूर्ति अभी ढकी हुई है। प्राण प्रतिष्ठा से पहले 21 तारीख तक जीवनदायी तत्वों से प्रतिमा को सुवासित कराया जाएगा। गुरुवार से विधिवत पूजा शुरू हो चुकी है। मंदिर का निर्माण नागर शैली में किया गया है और पूर्व से लेकर पश्चिम तक की लंबाई 380 फीट है, जबकि चौड़ाई 250 फीट और ऊंचाई 161 फीट है। राम मंदिर में 392 पिलर और 44 दरवाजे हैं। तीन फ्लोर के राम मंदिर के हर फ्लोर की ऊंचाई 20 फीट है। सनद रहे कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। इस समारोह को हर कोई यादगार बनाने में लगा हुआ है। वहीं, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश सहित 10 राज्यों ने अवकाश का एलान किया है।

## मंदिर का निर्माण पुराने नगर स्टाइल में किया गया



**राम** मंदिर का निर्माण पुराने नगर स्टाइल में किया गया है। इसकी पूर्व से लेकर पश्चिम तक की लंबाई 380 फीट है। वहीं, मंदिर की चौड़ाई 250 फीट और ऊंचाई 161 फीट है। राम मंदिर को तीन फ्लोर में बांटा गया है और सभी फ्लोर की 20 फीट है।

**मंदिर में 392 पिलर और 44 दरवाजे**

राम मंदिर की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाई जा सकती है कि मंदिर में 392 पिलर और 44 दरवाजे हैं। मंदिर के पहले फ्लोर को राम दरबार का नाम दिया गया है।

**राम मंदिर में पांच मंडप**

राम मंदिर में कुल पांच मंडप हैं। इन मंडपों को नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना मंडप और कीर्तन मंडप नाम दिया गया है। मंदिर के पिलरों पर देवी-देवताओं की आकृतियां उकेरी गई हैं। मंदिर में पूर्व दिशा से प्रवेश की व्यवस्था है, जिसे सिंह द्वार नाम दिया गया है।

**मंदिर निर्माण में लोहे का नहीं हुआ इस्तेमाल**

परिसर के चारों दिशाओं में चार मंदिर हैं। सूर्य देव, देवी भगवती, भगवान गणेश और भगवान शिव के मंदिर शामिल हैं। मंदिर के नजदीक ही प्राचीन कालीन सीता कूप स्थित है। सबसे आश्चर्य वाली बात ये है कि मंदिर निर्माण में लोहे का उपयोग नहीं किया गया है।



नई दिल्ली में डीजीएनसीसी कैंप, करियप्पा परेड ग्राउंड,दिल्ली कैंट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2024 का दौरा।


## बांग्लादेश की तर्ज पर म्यांमार सीमा पर रुकेगी घुसपैठ, लोगों की मुक्त आवाजाही होगी बंद

**गुवाहाटी**

गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि सरकार म्यांमार सीमा पर लोगों की मुक्त आवाजाही को बंद करेगी और बांग्लादेश से लगी सीमा की तरह इसकी सुरक्षा करेगी। असम पुलिस की पांच नव गठित कमांडो बटालियन के पहले बैच की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार म्यांमार सीमा पर लोगों की मुक्त आवाजाही पर पुनर्विचार कर रही है।

**म्यांमार सीमा पर मुक्त आवाजाही होगी बंद**

गृह मंत्री ने कहा, भारत-म्यांमार सीमा की सुरक्षा बांग्लादेश से लगी सीमा की तरह की जाएगी। भारत सरकार म्यांमार सीमा पर मुक्त आवाजाही को बंद करेगी। बताते चलें, म्यांमार में संघर्ष के चलते हाल के दिनों में भारतीय इलाकों में आवाजाही बढ़ी है।



**पिछले 10 वर्षों में देश की कानून व्यवस्था में भारी बदलाव**

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश की कानून व्यवस्था में भारी बदलाव आया है। उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि उसके शासनकाल में लोगों को नौकरियों के लिए रिश्वत देनी पड़ती थी, जबकि भाजपा के शासन के दौरान नौकरी के लिए एक पैसा भी नहीं देना पड़ता है। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर शाह ने कहा कि भगवान राम 550 साल के 'बुरे दौर' के बाद घर लौटेंगे। यह पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है।

## आप को झटका: आप छोड़ भाजपा में शामिल हुए अशोक तंवर



**चंडीगढ़**

हरियाणा में आम आदमी पार्टी की चुनाव प्रचार कमेटी के चेयरमैन रहे अशोक तंवर ने शनिवार को दिल्ली में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मोजूदगी में भाजपा की सदस्यता ले ली। तंवर ने दो दिन पहले ही आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अशोक तंवर का पार्टी में स्वागत किया है। अपने राजनीतिक सफर में पहले अशोक तंवर कांग्रेस में थे। फिर वह ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी में शामिल हुए। अब वह आप से इस्तीफा देकर बीजेपी में शामिल हो गए हैं। अशोक तंवर ने आप और कांग्रेस के बीच में गठबंधन के विरोध में आप को प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया। भाजपा को सदस्यता लेने के बाद अशोक तवंर ने बीजेपी और पीएम मोदी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जो भी गारंटी देते हैं उसे पूरा करते हैं चाहे वे किसी भी रूप में हो। हमने बहुत से लोगों को देखा है जो बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर की तस्वीर तो लगाते हैं लेकिन बाबा साहब के संविधान में उनका कोई विश्वास नहीं है। वे लोग केवल छल कपट के माध्यम से धोखा देने में लगे हुए हैं। ऐसे धोखेबाजों को 2024 में जनता सबक सिखाने का काम करेगी।

कांग्रेस में अशोक तंवर युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे।इसके बाद हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे। तंवर हरियाणा की सिरसा लोकसभा सीट से सांसद भी रहे।

## राहुल की यात्रा से पूर्वोत्तर में कांग्रेस को बंधी बेहतर संभावनाओं की उम्मीद

**नई दिल्ली**

अगले लोकसभा चुनाव में पार्टी की सीटों का आंकड़ा तीन अंकों तक पहुंचाने के पहाड़ जैसे लक्ष्य को हासिल करने की कोशिशों में जुटी कांग्रेस को पूर्वोत्तर राज्यों में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से काफी उम्मीदें बंधी हैं। **बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद में कांग्रेस**

मणिपुर, नगालैंड से लेकर असम तक बीते एक हफ्ते के दौरान राहुल की यात्रा को मिले समर्थन के बाद पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव में पूर्वोत्तर राज्यों में बेहतर प्रदर्शन कर कम से कम 10 सीटें हासिल करने पर फोकस करने में जुट गई है। दशकों तक मजबूत आधार वाले पूर्वोत्तर राज्यों में कांग्रेस की स्थिति पिछले दो आम चुनावों से लगातार कमजोर हुई है। वर्तमान में पूर्वोत्तर की 25 में से कांग्रेस के पास केवल चार लोकसभा सीटें ही होना इन राज्यों में पार्टी की कमजोर हुई दशा की झलक दिखाता है।



## कड़ी सुरक्षा के बीच वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर के सील वजूखाने की हुई सफाई

**वाराणसी**

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच ज्ञानवापी परिसर के सील वजूखाने की सफाई की गई। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम की देखरेख में वजूखाने की सफाई हुई, जिसमें करीब पौने तीन घंटे लगे। वजूखाने का पानी तीन जेट पम्प से निकाले जाने के बाद जिंदा मछलियां प्रतिवादी पक्ष अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद के पदाधिकारियों को सौंप दी गईं। अधिकारियों ने बताया कि वाराणसी नगर निगम के सफाई कर्मियों की टीम ने वजूखाने की सफाई की और चूने का भी छिड़काव किया।

## एनपीएस के तहत भी कर्मचारियों को निश्चित पेंशन की गारंटी दे सकती है सरकार

**नई दिल्ली**

आगामी वित्त वर्ष 2024-25 में सरकार नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) के तहत केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ी खुशखबरी दे सकती है। यह खुशखबरी एनपीएस में शामिल केंद्रीय कर्मचारियों को पेंशन की एक निश्चित गारंटी के रूप में हो सकती है।




ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) के तहत कर्मचारियों को आखिरी सैलरी की 50 प्रतिशत राशि पेंशन के रूप में निर्धारित की जाती है और फिर महंगाई भत्ते के साथ-साथ उनकी पेंशन भी बढ़ती रहती है। एक जनवरी, 2004 से या उसके बाद नौकरी ज्वाइन करने वाले कर्मचारियों की पेंशन के लिए एनपीएस प्रणाली लागू की गई जिसके तहत कर्मचारी व सरकार दोनों एक निश्चित राशि एनपीएस फंड में जमा करते हैं और यह फंड मार्केट से जुड़ा है और मार्केट के रिटर्न के हिसाब से कर्मचारियों को पेंशन दी जाएगी।

**कमेटी की रिपोर्ट लगभग तैयार**

पिछले साल कई राज्यों की तरफ से फिर से ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने की घोषणा के बाद केंद्र सरकार ने भी एनपीएस की समीक्षा के लिए वित्त सचिव की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया था। सूत्रों के मुताबिक, कमेटी की रिपोर्ट लगभग तैयार है जिसके मुताबिक एनपीएस के तहत भी केंद्रीय कर्मचारियों को उनके आखिरी वेतन की एक निश्चित प्रतिशत राशि पेंशन के रूप में मिल सकती है।

**कितनी राशि निर्धारित कर सकती है सरकार?**

सूत्रों के मुताबिक, सरकार आखिरी वेतन की 35-40 प्रतिशत राशि पेंशन के लिए निर्धारित कर सकती है। हालांकि, इस फैसले से सरकार पर वित्तीय बोझ भी पड़ेगा, क्योंकि बहुत सारे ऐसे कर्मचारी होंगे जिनके एनपीएस फंड से आखिरी सैलरी की 35-40 प्रतिशत (जो भी निर्धारित होता है) तक की राशि पेंशन के रूप में देना संभव नहीं होगा। ऐसे में फंड से मिलने वाली राशि और न्यूनतम निर्धारित पेंशन राशि के बीच जो अंतर होगा, उसकी भरपाई सरकार अपने खजाने से करेगी।

मान लीजिए किसी व्यक्ति की आखिरी सैलरी एक लाख है और सरकार आखिरी सैलरी का 40 प्रतिशत निर्धारित करती है तो उसे 40,000 रुपए पेंशन दी जाएगी, लेकिन एनपीएस फंड के रिटर्न के हिसाब से उसे मासिक 35,000 रुपए ही दिए जा सकते हैं तो बचे हुए पांच हजार रुपए सरकार अपने खजाने से देगी, लेकिन ओपीएस की तरह एनपीएस को महंगाई भत्ते से नहीं जोड़ने का सरकार का कोई इरादा नहीं है। इससे सरकार को बहुत अधिक वित्तीय बोझ भी नहीं पड़ेगा।

**स्टेकहोल्डर्स से किया जाएगा विचार-विमर्श**

ओपीएस के तहत सरकारी कर्मचारियों को पूरी तरह से टैक्सपेयर्स के पैसे से पेंशन दी जाती है, क्योंकि इस पेशन में उनका कोई आर्थिक योगदान नहीं होता है। महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी के साथ कर्मचारियों की पेंशन भी बढ़ती जाती है और इसके साथ ही सरकारी खजाने पर भी दबाव बढ़ता जाता है।

# तीन दिन से लापता युवक का झाड़ियों में मिला शव

## आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क किया जाम



**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** घूरपुर थाना क्षेत्र के करमा पुलिस चौकी अंतर्गत हथिगन गांव के साहिल चौदह वर्ष पुत्र होरीलाल भारतीया की हत्या कर गांव के बाहर तालाब के पास झाड़ियां में लाश फेंक दिया गया। साहिल तीन दिन से घर से लापता था। शनिवार के दिन 11 बजे गांव के तालाब के किनारे झाड़ियां में बकरी चरवाहे ने साहिल की शव देखा तो चिल्लाने लगा। आवाज पर गांव वाले पहुंच गए। हत्या से गांव में हड़कंप मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार वालों ने बताया कि गांव में किसी से दुश्मनी भी नहीं थी। वह घर के बाहर 18 जनवरी की शाम आग ताप रहा था। फिर घर से लापता हो गया था। काफी खोज के बाद जब उसका पता नहीं चला तो पिता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शनिवार की दोपहर तालाब गांव के किनारे शव देखा गया। जानकारी के बाद जब घर वाले घटना स्थल पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। देखा कि यह लाश साहिल की है। यह देखकर परिजन रोने पीटने लगे गांव में हड़कंप बच गया। परिजनों ने बांदा मिजार्पुर राजमार्ग पर हथीगन गांव में जाम कर दिया। इस दौरान राहगीरों को दिक्कतें हुई, और बड़े वाहनों की लंबी कतारे देखने को मिली। शव को उठाया नहीं दिया गया। मौके पर पुलिस मौजूद है। गांव व आसपास से भारी संख्या में लोग घटनास्थल पहुंच रहे हैं। लोगों में भारी आक्रोश है। पुलिस मामले में जांच पड़ताल शुरू की है लेकिन अभी तक तह तक नहीं पहुंच पाई है। गांव में अफरा तफरी का माहौल बना हुआ है।



## झाड़ियों में मिला युवती का शव हत्या की आशंका

**प्रयागराज।** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के इंगुआ उर्फ काठगांव स्थित ससुर खदेरी नदी के समीप एक खाली पड़े खेत में शनिवार की शाम एक युवती का शव पड़ा हुआ मिला है। युवती के चेहरे पर खरोच के कई निशान है जिससे प्रतीत होता है कि मरने के पूर्व युवती ने किसी व्यक्ति से संघर्ष किया है शव एक दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। झाड़ियों में युवती का शव पड़े होने की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना थाना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों से युवती के शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन काफी प्रयास के बाद भी युवती के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी मृतक युवती की उम्र लगभग 25 वर्ष बताई जाती है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## मंदीर से घंटा व व दुकान से डायमो चोरी

**मांडा।** मांडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गिरधरपुर में गुरुवार की रात्रि में मांडा खास निवासी जयशंकर प्रजापति के शिव जी मंदिर में बंधा घंटा को अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर लिया। वहीं दूसरे दिन शुक्रवार की रात्रि में गिरधरपुर गांव निवासी रमा कांत विश्वकर्मा की दुकान से दो जनरेटर डायमो मशीन को चोरो ने उठा ले गए। उक्त जानकारी भुक्तभोगियों ने मांडा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर जांच करने की मांग की हैं। गिरधरपुर, मांडा क्षेत्र में चोरों का सिलसिला जारी होने से लोगों में दहसत बनी हुई है।

## एनपीएस निजीकरण भारत छोड़ो जन संवाद अब 28 जनवरी को होगा

**कोरांव।** 21 जनवरी 2024 को इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन के दिशा निर्देश पर फ्रंट अगेनस्ट एनपीएस इन रेलवे व नेशनल मूवमेंट ऑफ ओल्ड पेशन स्कीम के संयुक्त तत्वाधान मे पूर्वोत्तर रेलवे मेन्स कांग्रेस द्वारा आयोजित एन पी एस - निजीकरण भारत छोड़ो जन संवाद महारैली श्री राम जन्मभूमि न्यास द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को ध्यान मे रखते हुए रेलवे प्रशासन के मौखिक और लिखित आग्रह पर जन संवाद आयोजन समिति* ने कार्यक्रम को 28 जनवरी 2024 पूर्व निर्धारित स्थान एवं समय पर कराने का निर्णय लिया है ।

# महिला ने कमरे में फांसी लगा दे दी जान



**घूरपुर।** घूरपुर कस्बा में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनो ने देखा तो कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर पीएम के लिए भेजा।नैनी के चक भटाई निवासी रविता 35वर्ष पत्नी स्व.बलराम भारतीय विगत 8महीने से अपने मायके घूरपुर कस्बा में दो बच्चों के साथ रहती थी। नैनी में ब्यूटी पार्लर चलाती थी। रोजाना की तरह शुक्रवार की रात भी भोजन कर अपने कमरे में सोने के लिए चली गई। शनिवार की देर सुबह तक कमरे से बाहर नहीं निकली तो परिजनो ने आवाज देकर बुलाए। वावजूद कमरे के अंदर से कोई हरकत नहीं हुई तो परिजनों ने दरवाजे के सुराग से देखी तो चुल्ले में फंदा में लटक रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस तो परिजनो ने दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे तो महिला मृत पाई गई। परिजनों ने बताया की उसके पति की मौत 7वर्ष पूर्व हो चुकी थी। विगत कई दिनों से गुमशुम रहती थी। आत्महत्या की वजह पता नहीं चल पाया है। पुलिस जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिए भेज। मामले की तस्दीक कर रही है। मृतका की दो मासूम बच्चे है। जो घटना के दिन दूसरे कमरे में सो रहे थे।

## न्यूज झरोखा

### विधायक ने 500 निराश्रित लाभार्थियों को बांटा कंबल



**शंकरगढ़।** भीषण ठंड के बीच शनिवार को विकास खंड शंकरगढ़ में कंबल का वितरण किया गया। बारा तहसील प्रशासन की तरफ से ग्राम पंचायत गाढ़ा कटरा के जनवा, बिहरिया, लखनपुर और गढ़वा के 500 निराश्रित लाभार्थियों को कंबल बांटा गया। कंबल वितरण समारोह के चीफ गेस्ट बारा विधायक डा. वाचस्पति रहे। उन्होंने ठंड के मद्देनजर क्षेत्र में जलाए जा रहे अलाव और कंबल वितरण की जानकारी ली।विधायक ने कहा, लोगों को ठंड से बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाए। सभी सार्वजनिक स्थलों पर अलाव लगवाया जाए, ताकि लोगों के साथ-साथ राहगीरों को भी ठंड से राहत मिल सके। विकास खंड शंकरगढ़ के गाढ़ा कटरा में आयोजित कंबल वितरण का?क्रम में एसडीम बारा अब्दुल्ला सुदन, तहसीलदार बारा, नायब बारा, एसीपी संतलाल सरोज भी कंबल वितरण समारोह में मौजूद रहे और कंबल बांटा। इस मौके पर डॉक्टर विनोद त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार निषाद उर्फ श्यामू, अखिलेश कुमार मंडल अध्यक्ष, रामजतन बंसल, रुद्र प्रताप मिश्रा बृजेश मास्टर साहब, बबलू प्रधान आदि मौजूद रहे।

### नैनी बाजार मे स्वच्छता अभियान चलाया गया



**नैनी।** नैनी बाजार में पार्षद व अध्यक्ष राकेश जयसवाल के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री के आह्वान पर भगवान श्री रामचंद्र की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है इसी उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर शनिवार को नैनी बाजार मे स्वच्छता अभियान बड़े स्तर पर चलाया गया। पार्षद व भाजपा के कार्यकर्ता के द्वारा पार्षद व अध्यक्ष राकेश जयसवाल के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया इस अवसर पर विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बबलू तिवारी, धर्मराज पटेल, मोनू जायसवाल, पार्षद अनूप पासी , राजीव वर्मा (गुड्डू गुडविल), घनश्याम जायसवाल, पिंटू जैन, आदि ने साफ सफाई बड़े पैमाने पर की गई।

### श्री राम जहां होगें हनुमान वहां होंगे दोनों जहां होगें सब काम वहा होंगे की धुन पर झूमे राम भक्त



**करछना** तहसील करछना क्षेत्र के सैकड़ों गांवों से आए भक्त जनों ने श्री राम शोभा यात्रा में शामिल हुए, शोभा यात्रा में गैर सरकारी व सरकारी महकमे के कर्मियों ने भी शोभा यात्रा में श्री राम यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया शनिवार को करछना तहसील क्षेत्र के प्रमुख बाजारों एवं चौराहों पर हजारों की संख्या में श्री राम भक्तों ने शोभा यात्रा निकालकर राम भक्त में लीन रहे साधु कुटी चौराहे हनुमान मंदिर से विधायक पियूष रंजन के नेतृत्व में करछना मुख्य बाजार होते हुए काली माई की चौरा तक शोभा यात्रा का कार्यक्रम घंटों चलता रहा वही प्रधान संघ के अध्यक्ष अवतार किशन सिंह ने काली माई चौराहा करछना से हनुमान मंदिर साधुकुटी तक डीजे बाजे गाजे के साथ राम रथ ढोल ताशा नगाड़े के साथ मुख्य बाजार होते हुए चौराहों पर शोभायात्रा गुलजार रही आधा दर्जन से अधिक डीजे की संख्या,राम की झांकी के साथ अगुवाई करता प्रशासन भीड़ के हिस्से में पसीने छोड़ दिया प्रशासन वहीं थाना प्रभारी नितेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में चारों तरफ रोड डायवर्जन कर शोभा यात्रा को अंतिम छोर तक पहुंचने में भूमिका निभाई इस मौके पर विधायक पियूष रंजन निषाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी प्रधान संघ के अध्यक्ष अवतार किशन सिंह महामंत्री धीतेश तिवारी पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय राज सिंह उर्फ राजू सिंह, हंसराज सिंह, धर्मराज सिंह प्रधान,शिव गणेश प्रधान हथसरा,जीएस एकेडमी के प्रबंधक छात्रों शिक्षकों के साथ शोभायात्रा में सहभागी बने, के अलावा सुरेश पांडे प्रधान प्रतिनिधि एवं उपाध्यक्ष प्रधान संघ करछना,कमल सिंह, संतोष सिंह, उदयभान, खंड विकास अधिकारी धीरेश गुप्ता, मनीष शुक्ला, वृजेश द्विवेदी, सोनू सिन्हा,सहित हजारों की संख्या में राम भक्त शोभायात्रा में शामिल हुए,

### मंदिर परिसरों की साफ सफाई में जुटी मिशन की टीम



**करछना।** शुक्रवार सुबह से ही जागृति मिशन की टीम संयोजक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. भगवत पांडेय की अगुवाई में स्थानीय मंदिरों की साफ सफाई में जुटी रही। इस दौरान बाबा काल भैरव मंदिर बैरहना के बाद बेणी माधव मंदिर में टीम ने पहुंचकर साफ-सफाई की।अरैल स्थित सोमेश्वरनाथ मंदिर के बाद पहुंची मिशन की टीम में बाबा समोगर नाथ मंदिर की भी साफ सफाई की। करछना के कुशगढ़ स्थित अति पौराणिक शिव मंदिर से होते साफ सफाई का सिलसिला देरशाम पहाड़ी महादेव के प्राचीन शिव मंदिर में पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान राम मंदिर ध्वज भी जगह-जगह लगाए गए और लगभग 300 ध्वज वितरित किए गए।डॉ. पांडेय ने कहा कि मिशन का यह सफाई कार्यक्रम शुक्रवार को प्रधानमंत्री की सोच,संकल्प और संदेश के अनुरूप दिन भर जारी रहा। इस दौरान कई भाजपाई और मिशन के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 176 शिकायतें मिलीं निस्तारण शून्य



**मेजा।** शनिवार को मेजा तहसील में उपजिलाधिकारी मेजा जयजीत कौर की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 176 शिकायतें मिलीं। जिसमें सर्वाधिक राजस्व से 76, विकास से 38, पुलिस से 23, समाज कल्याण से एक,स्वास्थ्य से एक, शिक्षा से एक और अन्य से 36 शिकायतें मिलीं। सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से शीघ्र निस्तारण के लिए निर्देशित किया। भीषण गलन के बाद भी फरियादियों ने भीड़ जमा रही। इस दौरान हरदिहा गांव की दो दर्जन महिलाओं ने 6 किमी दूर कोटा हरगड़ में अटैच किए जाने की शिकायत की। खूंटा की राशन कार्ड धारक महिलाओं ने तीन माह से राशन ने मिलने पर कोटेदार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। वहीं फंड हुड कंपनी द्वारा हजारों महिलाओं को रोजगार देने के नाम पर पैसे हड़पने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। इस मौके तहसीलदार मेजा रविप्रकाश, एनटी मेजा अनुग्रह नारायण सिंह, एनटी लालतारा राजेंद्र सिंह, एनटी मेजा अशोक सिंह,बीडीओ मेजा सरिता सिंह,बीडीओ उरुवा दिनेश सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# समपूर्ण समाधान दिवस कोराव में अधिवक्ताओं ने काटा बवाल

**तहसीलदार को कोटेदार अल्हवा और भू अतिचारियों के विरुद्ध कार्यवाही का आदेश , एसडीएम अर्दली द्वारा शराब के नशे में अदालत के आदेश को फाड़ कर फेंकने का मामला**

**कोराव।** सम्पूर्ण समाधान दिवस कोरांव में एसडीएम अविनाश यादव,तहसीलदार कोराव अजय संतोषी तथा बीडीओ कोरांव धीरेंद्र कुमार यादव,नायब तहसीलदार विनोद सिंह आदि ने समस्याएं सुनी। सैकड़ों आवेदन प्रत्येक विभाग से संबंधित अधीनस्थ अधिकारियों को निदान हेतु आदेशित किया गया। ग्राम महुली कटरी में चकमार्ग को अतिक्रमण को ले कर कीआई बार राजस्व टीमों द्वारा कार्यवाही के बावजूद अतिक्रमण न हटाने की शिकायत पर थाना पुलिस कोरांव को एफआईआर के आदेश पर भी केस न दर्ज किए जाने की रामदयाल पांडे सेवा निवृत राजस्व कर्मी की शिकायत पर थानाध्यक्ष कोराव को केस दर्ज किए जाने का आदेश दिया। इसी तरह अल्हवा ग्राम सभा में उचित दर विक्रेता अल्हवा द्वारा ग्राम समाज की जमीन चकमार्ग आदि और अवैध अतिक्रमण किए जाने ग्राम समाज की भूमि वर जबरन फसल उगाने तथा ग्राम अल्हवा के ही अवधनारायण पटेल आदि द्वारा सीमांकन नष्ट कर अवैध कब्जा किए जाने की जांच खुद तहसीलदार कोरांव द्वारा गठित टीम के जरिए करने पर एसडीएम कोराव ने तहसीलदार को कार्यवाही किए जाने का आदेश दिया। साथ ही आपूर्ति निरीक्षक कोराव भी कार्यवाही का आदेश दिया। ईसी तरह पुलिस राजस्व,विकास,सिंचाई विभाग, शिक्छा विभाग आदि को मिली शिकायत पर संबंधित को कार्यवाही गुणवत्ता पूर्वक किए जाने का हुक्म दिया गया। इसी तरह एसडीएम के अरदली द्वारा कथित शराब के नशे में हो कर अदालत के फैसले को फाड़ कर फेंकने के मामले में वकीलों ने हंगामा काटा और ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग किया।

## ठंड लगने से अज्ञात अधेड़ की मौत

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में ठंड लगने से एक अज्ञात बुजुर्ग की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम सब्जी मंडी नगर निगम जोन 5 के समीप एक अज्ञात भिखारी जो की अलाव ताप रहा था, जिसकी उम्र लगभग 65 वर्ष थी, शरीर पर जैकेट भी पहना हुआ था पैर में लुंगी पहना हुआ था। अलाव तापते हुए उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आस पास के लोगों की नजर जब उस अज्ञात भिखारी पर पड़ी तो लोगों ने पुलिस को सूचना दी, सूचना पर पहुंची नैनी पुलिस ने बॉडी को पीएम हाऊस के लिए भिजवा दिया।

## पूर्व सेशन जज के बेटे के कातिलों को आजीवन कारावास

**प्रयागराज।** इलाहाबाद जिला न्यायालय ने 1986 में जॉर्जटाउन थानाक्षेत्र में पत्नी के विदाई के विवाद में अवकाश प्राप्त सेशन जज एमपी त्रिपाठी के बेटे आलोक शंकर त्रिपाठी की हत्या के मामले में दोषी पाए जाने पर अश्वनी कुमार और रमेश चंद्र उर्फ लाल जी को आजीवन कारावास एवं 10-10 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश चंद्रपाल द्वितीय ने सुनाया है।

# विशाल शोभा यात्रा में जय श्री राम के जयकारे से गुंजायामान रहा क्षेत्र



**लालापुर।** अयोध्या मंदिर में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के पहले लालापुर क्षेत्र के महेरा गांव और मझियारी से भगवान श्री राम की विशाल शोभा यात्रा निकाली गईं और मानपुर में समापन किया गया। डीजे की धुन पर सैकड़ो श्रद्धालु झूमते नाचते जय श्री राम की जयकारे लगाते शोभा यात्रा में शामिल रहे। जगह जगह शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओ को स्वागत किया जाता रहा। और ग्रामीण शोभा यात्रा में शामिल होते गए। कारवां इस तरह बढ़ा कि तीन किलोमीटर की लंबी कतार लग गई। सैकड़ो चार पहिया और बाईक पर जय श्री राम के लहराते पताके और झंडे पोस्टर से पूरा क्षेत्र भगवाधारी और राम मय हो गया। कार्यक्रम श्री प्रेममूर्ति महाराज ऊर्फ बेटू महेरा ने किया,दूसरी ओर मझियारी से जिसमें ब्लाक प्रमुख जसरा अजित सिंह, विधायक बारा, वाचस्पति ,श्री स्वामी बृजेश आनंद महाराज जी, विराट द्विवेदी, अंकुश पाण्डेय,जयन सेठ, आदि लोग मौजूद रहे।

## जेके लक्ष्मी सीमेंट द्वारा निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**प्रतापपुर।** जेके लक्ष्मी सीमेंट परिवार के द्वारा सामाजिक दायित्व के निर्वहन में सहयोग करते हुए राजमिस्त्री एवं ठेकेदारों के लिए पूनम शांति बिल्डिंग मेटेरियल शुकुलपुर, गिर्दकोट में निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पहुंचे लोगों ने स्वास्थ्य शिविर में अपने स्वास्थ्य की जांच कराते हुए जानकारी प्राप्त करते हुए स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। स्वास्थ्य शिविर में जेके लक्ष्मी सीमेंट के योग्य डाक्टरों एवं उनकी टीम द्वारा उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य की जांच पड़ताल करते हुए उचित परामर्श दिया। इस अवसर पर देवेंद्र शुक्ला, राघवेंद्र शुक्ला, अखिलेश मिश्रा, आकाश तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### दो बाइक चोरी से हड़कंप

**झूंसी।** थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी की वारदात बढ़ गई है। हप्ते भर में चोरो ने कई वारदात को अंजाम दिया जिससे लोगो मे हड़कंप मचा हुआ है। बुधवार को झूंसी से दो बाइक गायब हो गई। सरायइनायत के दलापुर गांव निवासी अजित पुत्र छोटेलाल गाड़ी खड़ी कर समान लेने एक दुकान में गया लौटा तो बाइक गायब थी। उसी दिन ईसीपुर से भी एक बाइक गायब चोरी हुई थी। मलावा खुर्द के मो. शेबू बाइक अपनी डेरी के बाहर खड़ी किया था। जो चोरी हो गई।

# भारतीय जनता पार्टी की सरकार में किसान खुशहाल हैं

**नैनी।** नैनी भाजपा सरकार में किसानों का उन्नति राजेश सिंह पटेल भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा महानगर प्रयागराज के जिला अध्यक्ष राजेश सिंह पटेल के नेतृत्व में नैनी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रयागराज किसान मोर्चा राजेश सिंह पटेल ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार में किसान खुशहाल हैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा गन्ना मूल में वृद्धि करके किसानों के हित का कार्य किया है किसान के हित में अनेक सरकार के द्वारा योजनाएं लाई जा रही है जिसको किसान खुशहाली के रास्ते पर जा रहा है इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज संजय श्रीवास्तव नैनी मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा दिव्यांग प्रकोष्ठ महानगर संयोजक सुनील विश्वकर्मा जिला उपाध्यक्ष अंजनी सिंह नित्यानंद मिश्रा रमेश पटेल धर्मराज पटेल पियूषकांत मिश्रा भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम की मेरी पॉलिसी संख्या 313315591 में मेरा बचपन का नाम सत्यम तिवारी अंकित है जो गलत है अभिलेखों के अनुसार मेरा सही नाम विपिन तिवारी पुत्र ईश्वर चंद्र तिवारी निवासी ग्राम गनपा पोस्ट गनपा जनपद कौशाम्बी है मेरा सही नाम विपिन तिवारी पुत्र ईश्वर चंद्र तिवारी निवासी ग्राम गनपा पोस्ट गनपा जनपद कौशाम्बी समझा जाए।

# भड़ेवरा गांव से श्री राम की गाजे-बाजे के साथ निकाली गई भव्य शोभा यात्रा



**करछना।** श्री अयोध्या धाम में सोमवार को होने जा रहे श्री राम के प्रतिष्ठोत्सव महोत्सव के तहत श्री राम भक्त लोगों की ओर से भडेवरा गांव के शिव मंदिर से प्राचीन शिवालय कुशगढ धाम तक गाजे - बाजे के साथ श्री राम की भव्य शोभा यात्रा शनिवार को निकाली गई। शोभा यात्रा में रथ पर श्री राम की भव्य झांकी भी सजी हुई थी । और लोग डीजे के धुन पर थिरकते हुए श्री राम के जय घोष के साथ यात्रा आगे बढ़ रही थी। और लोगों की ओर से यात्रा में भगवा ध्वज फहराए जा रहे थे। और यात्रा में शामिल महिलाओं की ओर से सिर पर कलश लिए मांगलिक गीतों के गायन भी हो रहे थे। यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल मौजूद रहे। उन्होंने श्री राम की आरती भी उतारी। और लोगों से 22 जनवरी को मंदिरों में पूजा पाठ कीर्तन भजन व रामायण करने व घरों में दीपोत्सव महोत्सव मनाए जाने की अपील भी की। यात्रा भडेवरा गांव के शिव मंदिर से चलकर हनुमानपुर चौराहे होते हुए भडेवरा बाजार , भुंडा मोड , नेवादा , रोकड़ी बाजार से कुशगढ़ धाम पहुंची। जहां पर यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के व्यवस्थापक रहे साकेत शुक्ल , अंशु शुक्ल व शिवम मिश्र ने सभी भक्त लोगों के प्रति आभार भी जताया गया । इस मौके पर गोरेलाल तिवारी , अम्बरीश तिवारी, प्रकाश नारायण द्विवेदी, गौरव मिश्र , डॉ भगवत पांडेय ,अलख नारायण शुक्ल, प्रभाकांत मिश्र , सुनील कुमार शुक्ल, राम मनोहर लोहिया ,भूपेंद्र कुमार शर्मा, श्रीकांत पांडेय , कृष्ण प्रकाश तिवारी ,पवन कुमार मिश्र, कृष्ण बल्लभ मिश्र,प्रदीप पांडेय , विकास पांडेय , आयुष तिवारी , शिवम केसरवानी, आयुष पांडेय , रामबाबू पटेल , श्रीनारायण मिश्र, विनय शुक्ल, मोनू मिश्र, रिंकू मिश्र, सुशील ओझा , विष्णु देव शर्मा , त्रिवेणी मिश्र, विनय कुमार सिंह ,नरेश सोनकर, नीरज शर्मा, धीरज शर्मा, अतुल पांडेय ,रोहित पांडेय ,सुभाष चंद्र मिश्र, आशीष द्विवेदी ,शिवम मिश्र, शिवम पांडेय , सुदर्शन ओझा सुरेश सिंह, अनुराग सिंह , शांतनु मिश्र , सोनू मिश्र आदि रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बरांव, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2023-24 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक : 19.01.2024

ग्राम पंचायत **बरांव** में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/15 वां वित्त/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत **बरांव** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 20-01-2024 से दिनांक 03-02-2024 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 04-02-2024 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 04-02-2024 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | धर्मराज कोरी के घर से राजकुमार पटेल के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.99 लाख | 3 माह |
| 2. | गाटा संख्या 644 पर अमृत सरोवर निर्माण कार्य | 3.99 लाख | 3 माह |

बजरंगी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बरांव
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

मनीष सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत बरांव
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

# अनुपस्थित अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने के डीएम ने दिए निर्देश

## तहसील समाधान दिवस-सोरांव : कुल प्राप्त 237 प्रकरण सुनवाई के लिए आये जिनमें 9 का मौके पर निस्तारण किया गया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील सोरांव में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस से अनुपस्थित अधिकारियों को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने प्रार्थनापत्रों की अलग-अलग सूची बनाकर सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने चकमार्गो को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए कहा है। उन्होंने विद्युत बिल में अनियमित्ता से सम्बंधित शिकायतों को निस्तारित करने हेतु विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को प्रकरण की जांच कर शिकायतों को गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने एवं प्रार्थनापत्रों की समयबद्ध जांच, कार्रवाई एवं

**जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में आयी शिकायतों को गुणवत्ता पूर्वक एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के दिए निर्देश**

**शिकायतों के निस्तारण में विलम्ब होने पर सम्बंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी-जिलाधिकारी**

**जिलाधिकारी ने श्रम विभाग की ह्यह्यनिर्माण कामगार कन्या विवाह सहायता योजना के 8 लाभाथिंर्यों को प्रमाणपत्र व प्रत्येक लाभार्थी को कम्बल भी दिलाया**



समस्याओं के निस्तारण में विलम्ब होने पर सम्बंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जन-शिकायतों का निस्तारण समय पर किया जाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता नहीं होनी चाहिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 237 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें राजस्व विभाग से सम्बंधित 136, पुलिस विभाग 45, विकास विभाग की 17 व अन्य विभागों से सम्बंधित 39 थी, जिनमें से कुल 9 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।तहसील समाधान दिवस में राम भवन पुत्र छेदीलाल निवासी ग्राम शिवदयाल का पुरा, सोरांव ने कुम्हारी मिट्टी, खलिहान व तालाब की भूमि पर मां काली के चबुतरा बनाये जाने के नाम पर भू-माफियाओं के द्वारा उक्त जमीन पर किए गए कब्जे को भू-माफियाओं से खाली कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है, जिसपर जिलाधिकारी ने एसडीएम व तहसीलदार सोरांव को उक्त प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही कराये जाने के लिए कहा है। समाधान दिवस में गुलाबपति पत्नी राजसरोज निवासी ग्राम भदरी, मलाकहरहर, सोरांव के द्वारा पीडब्लूडी, राजस्व व पुलिस विभाग की उपस्थिति में सड़क की सीमा को चिन्हित कराये जाने का अनुरोध किया गया है, जिसपर उन्होंने एसडीएम सोरांव व अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी को उक्त प्रकरण का परीक्षण कर सड़क की सीमा का सीमांकन करने के लिए निर्देशित किया है। समाधान दिवस में राजेन्द्र सरोज, जंग बहादुर आदि निवासी बेलखरिया का पुरा, थाना मऊआइमा के द्वारा ग्राम बालाडीह की चारागाह की जमीन पर भू-माफिया द्वारा कब्जा कर विक्रय किए जाने की शिकायत की गयी, जिसपर जिलाधिकारी ने एसडीएम सोरांव व एसीपी फूलपुर को प्रकरण की जांच कर आख्या उपलब्ध कराये जाने व आवश्यक कार्यवाही कराये जाने के लिए कहा है। इसी प्रकार श्रीमती निर्मल देवी निवासी ग्राम जगदीशपुर बलकरनपुर के द्वारा गरीबी रेखा के नीचे होने के बावजूद अत्योदय राशन कार्ड निरस्त होने पर पुनः अंत्योदय राशन कार्ड जारी किए जाने का अनुरोध किया गया, जिसपर जिलाधिकारी ने जिलापूर्ति अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए कहा है।जिलाधिकारी ने समाधान दिवस के अवसर पर शिकायतों के निस्तारण के पश्चात श्रम विभाग की ह्यह्यनिर्माण कामगार कन्या विवाह सहायता योजनाह्णह्ण के 8 लाभाथिंर्यों को प्रमाणपत्र व प्रत्येक लाभार्थी को कम्बल भी दिलाया। जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक अशोक कुमार मौर्या को आवास से सम्बंधित शिकायतों का निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया है। इस अवसर पर एडीएम नजूल प्रदीप कुमार, एसडीएम सोरांव, तहसीलदार सोरांव, परियोजना निदेशक एके मौर्या, श्रम प्रवर्तन अधिकारी मनोज कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# शुक्रवार की देर रात युवक को मारी गोली, उपचार के दौरान मौत, घर में मचा कोहराम

**मऊआइमा।** शुक्रवार को देर रात मऊआइमा के मरखामऊ निवासी मोहम्मद नसीम को चाय की दुकान पर गोली मारी गई थी। जिसका उपचार स्वरुप रानी अस्पताल में चल रहा था। शनिवार को भोर में उसका देहशान्त हो गया। मौत की खबर सुनकर कर घर में कोहराम मचा हुआ है। मृतक की पत्नी रिजवाना बानों ने मऊआइमा थाने में एक नामजद सात अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मरखामऊ निवासी मोहम्मद नसीम 32 वर्ष पुत्र मोहम्मद हनीफ उर्फ गेंहू लाल शुक्रवार को देर रात छोटे चाय वाले के यहां चाय पीने गया था। बताया गया है कि जहां घात लगाए थोडी देर में कार और बाइक से लगभग आधा दर्जन लोग आए। मोहम्मद नसीम के साथ गांव के इसरार पुत्र गप्पू भी था। मोहम्मद इसरार ने बताया कि मोहम्मद नसीम को हिस्ट्री शीटर मोहम्मद अफसार तथा छह सात अज्ञातों ने गोली मारी जिससे नसीम जमीन पर गिर पडा ग्रामीण गोली की आवाज सुनकर बदमाशों की बाइक और कार जला दी। बदमाश पलभर में ओझल हो गए। कार , बाइक को दमकल ने बुझाया।पुलिस मौके पर पहुंच कर जख्मी मोहम्मद नसीम को स्वरुप रानी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान नसीम की शनिवार को भोर में मौत हो गई। मृतक की पत्नी रिजवाना बानों ने मऊआइमा थाने में मोहम्मद अफसार पुत्र मोहम्मद रहुसुन ग्राम जद्दोपुर थाना देल्हूपुर प्रतापगढ़ को नामजद करते हुए छह सात अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। बताया गया है कि मृतक की आम शोहरत ठीक नहीं थी।उसके बडी पुत्री जैनब सात साल, नदीम 5 वर्ष ,ईशा डेढ साल का दुधमुहा बच्चा है। नसीम तीन भाईयों में बीच का है बडा भाई और सबसे छोटा भाई अरब में रहते हैं।घर पर मृतक की माता मोहम्मदी बानों, पत्नी रिजवाना बानों का रो रो कर बुरा हाल है।

# ब्यूटी पार्लर के चेंजिंग रूम में कैमरा लगा होने पर जमकर हंगामा

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के सब्जी मंडी के समीप मिजार्पुर रोड पर स्थित ब्यूटी पार्लर में शुक्रवार को एक महिला कस्टम अधिकारी अपनी बहन के साथ मेकअप कराने आई थीं। कस्टम अधिकारी कपड़े बदलने के लिए दूसरे तल पर स्थित चेंजिंग रूम में गईं तो देखा कि कैमरा लगा है। इस पर ब्यूटी पार्लर संचालिका से कहा कि चेंजिंग रूम में कैमरा क्यों लगा है, तो पार्लर संचालिका ने कहा कि कैमरा खराब है। महिला अधिकारी चेंजिंग रूम में चली गईं लेकिन महिला अफसर की बहन को दाल में कुछ काला लगा तो नीचे जहां सीसीटीवी की हार्ड डिस्क लगी हुई थी, वहां लगी एलईडी स्क्रीन के सामने खड़े होकर चेंजिंग रूम की फुटेज देखने लगी। तभी स्क्रीन पर बहन को चेंजिंग रूम में कपड़े बदलते सन्न रह गई। तत्काल सीसीटीवी की हार्ड डिस्क निकाल ली और नैनी कोतवाली को सूचना दी। अपनी बहन को ऊपर चेंजिंग रूम से नीचे बुलाया। मौके पर इंस्पेक्टर नैनी वह नैनी कस्बा चौकी इंचार्ज उमाशंकर सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचे। इसके चलते ब्यूटी पार्लर में मौजूद अन्य महिलाओं और आसपास के लोग हंगामा करने लगे। नैनी पुलिस ने मामले में शनिवार को पार्लर में मौजूद दो कर्मचारियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी को एनबीए द्वारा मान्यता

**नैनी।** नैनी स्थित यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी (यूआईपी) ने एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली है। कॉलेज को नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन (एनबीए) ने मान्यता प्रदान कर दी है। इसके फलस्वरुप यूआईपी से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने वालों छात्रों को अब एनबीए मान्यता प्राप्त डिग्री प्रदान की जाएगी। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए यूआईपी के प्रिंसिपल डॉ. आलोक मुखर्जी ने बताया कि विशेषज्ञों की एक टीम ने अक्टूबर 2023 में यूआईपी का ऑन-साइट मूल्यांकन करने के लिए दौरा किया था। सर्वे के बाद टीम द्वारा एक रिपोर्ट एनबीए को प्रस्तुत की गई थी। जिसके बाद एनबीए द्वारा रिपोर्ट पर विचार हेतु एक समिति का गठन किया गया था। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट की गहन अध्यन एवं जांच के बाद एनबीए के सक्षम प्राधिकारी द्वारा यूआईपी को मान्यता दे दी गई। कहा कि इस संबंध में एक आधिकारिक पत्र भी प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि के लिए डॉ. मुखर्जी ने यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई) के शीर्ष प्रबंधन और टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। यूजीआई के प्रेसिडेंट डॉ. जगदीश गुलाटी, वाइस चेयरमैन सतपाल गुलाटी और वाइ प्रेसिडेंट गौरव गुलाटी ने इस उपलब्धि पर यूआईपी के प्राचार्य एवं टीम को शुभकामनाएं दीं हैं।





# नैनी स्टेशन रोड पर चला पीडीए का बुल्डोजर

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी स्टेशन रोड पर महाकुंभ के लिए प्रस्तावित लेप्रोसी चौराह से मेवालाल की बगिया तक सड़क चौड़ीकरण के लिए शुक्रवार को पीडीए का बुल्डोजर लेकर अधिकारी लोग पहुंचे। कुछ दुकानदार अपना सामान समेटने लगे कुछ ने कहा कि आज हम तोड़ लेंगे इसी बीच नैनी स्टेशन रोड पर जाम लगने लगा पीडीए के अधिकारी वहां से चले गए शनिवार को सुबह फिर से प्रयागराज विकास प्राधिकरण की टीम ने कार्रवाई की। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के जोन चार के जोनल संजीव कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में भवन निरीक्षक कुंवर आंनद, राकेश कुमार शर्मा एवं टीम ने चीनीमिल मलीन बस्ती से नैनी स्टेशन तक रेलवे की बाउंड्री से किए गए 12 मीटर चिन्हिकरण मे आने वाले निमार्ण को ढहाया। इस दौरान स्टेशन रोड पर कई घंटे जाम की स्थिति बनी रही।



## तहसील में चलाया गया वृहद ईवीएम तथा प्रदर्शन जागरूकता अभियान

**सोरांव।** विगत दस जनवरी से आगामी लोक सभा चुनाव तक निर्वाचन विभाग द्वारा मतदाताओं को ईवीएम से सही तरीके से मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर सोरांव तहसील में विधान सभा सोरांव 255 और फाफामऊ विधान सभा 254 के मतदाताओं ने कुल मिलाकर लगभग 1500 मतदाताओं को जागरूक किए। जागरूकता का शिलशिला सोरांव में स्थित संग्रह अमीनो द्वारा कराया जा रहा है। गौरतलब है कि आगामी लोक सभा चुनाव को देखते हुए निर्वाचन आयोग ने तहसील स्तर पर मतदाताओं को ईवीएम से मतदान करने के लिए जागरूकता टीम लगा दिए है। यह ईवीएम जागरूकता प्रदर्शन विगत दस जनवरी से आगामी लोक सभा चुनाव तक होगा। जिसको लेकर शनिवार को सोरांव तहसील में उप जिला अधिकारी सोरांव डॉक्टर गणेश कनौजिया के आदेशानुसार तहसील के संग्रह अमीन सभालाल यादव, शिव बहादुर,सुनील कुमार, विरेंद्र कुमार, शिवानंद, शिव शंकर संग दर्जनों लोगों ने सैकड़ो मतदाताओं को जागरूक किए।

## वाहन दुर्घटना में छोटे भाई की मौत के बाद बडे भाई की भी मौत

**मऊआइमा।** मऊआइमा हाईवे पर कार चालक ने बाइक सवार दो सगे भाईयों को टक्कर मारी थी।छोटे भाई की अस्पताल मे मौत हो गई थी जबकि बडे भाई की देर रात में मौत हो गई। पुलिस पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महमदपुर सराय अली निवासी मोहम्मद शमशाद 38वर्ष और उसका छोटा भाई मोहम्मद शाहरूख 22वर्ष बाइक से वैल्डिंग के लिए जा रहे थे। बताया गया है कि शुक्रवार को शाम के पहर प्रतापगढ़ की ओर से आ रही कार ने बाइक सवार को टक्कर मारते हुए एक ई रिक्शा को तोड दी। पुलिस ने कार को थाने में खडी करा कर घायल शाहरूख 22 वर्ष पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद फारूक और बडे भाई शमशाद 38वर्ष को स्वरुप रानी में भर्ती कराया था। जहां शाहरूख की मौत के बाद देर रात में बडे भाई शमशाद की भी मौत हो गई।चीर घर के बाद जब शव महमदपुर सराय अली आया तो घर में कोहराम मच गया।बाद में दोनों को कब्रिस्तान में दफना दिया गया। मृतकों की माता रूखसाना बानों तथा शमशाद की पत्नी आयशा का रो रो कर बुरा हाल है।

# राम मंदिर के नायक प्रवीण तोगड़िया का नैनी में भव्य स्वागत



**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी स्थित डॉ आर पी पांडे के निवास पर आगमन हुआ जहां पर उनका भव्य स्वागत हुआ डॉक्टर प्रवीण तोगड़िया ने बताया कि राम मंदिर के निर्माण में हजारों लाखों लोगों ने जो सपना देखा और वह नहीं रहे आज उन लोगों के बिना बलिदान दिए गए बलिदान को हम नहीं भूल सकते हैं जिन कार्यों को ने राम मंदिर निर्माण के लिए अपनी जान गवाही थी उन्होंने मुख्य रूप से स्वर्गीय कल्याण सिंह, स्वर्गीय अशोक सिंघल जी को याद किया 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन समारोह पर अपनी खुशी जाहिर की और शिक्षा स्वास्थ्य और गरीबी को दूर करने की बात की डॉक्टर आर पी पांडे ने अयोध्या में बन रहे श्री राम मंदिर खुशी जाहिर की और बताया कि अब बनारस स्थित ज्ञानवापी एवं मथुरा के मंदिर का भी भव्य निर्माण होगा कुसुम पांडे अध्यक्ष काशी प्रांत अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद ने बताया कि यह बहुत सौभाग्य की बात है कि आज हम सब के युग में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर निर्माण हो रहा है डॉ के-के शुक्ला ने बताया कि प्रवीण तोगड़िया के तत्वाधान में हम हर क्षेत्र में श्री हनुमान चालीसा का पाठ करने की कोशिश करेंगे और भगवान श्री राम मंदिर निर्माण पर खुशी जाएगी इस कार्यक्रम को सुचार रूप से चलाने के लिए डॉ सुमित तिवारी, राहुल त्रिपाठी संजय अग्रवाल, पवन मिश्रा सुशील दुबे, अजय शुक्ला, गुड्डु सिंह आज लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## करोड़ों हिंदुओं के संघर्ष का परिणाम है राम मंदिर : डॉ प्रवीण तोगड़िया

**हनुमानगंज।** अयोध्या में तैयार भव्य राम मंदिर में नूतन विग्रह प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रवीण तोगड़िया ने खुशी जताई है। बोले अभी तो पूरे उल्लास के साथ 22 जनवरी को विजय उत्सव मनाने अयोध्या पहुंचेगें, राजी-नाराजगी बाद में देखा जाएंगा। डॉ तोगड़िया ने कहा 450 वर्षों से करोड़ों हिंदुओं के संघर्ष और परिश्रम का परिणाम है राम मंदिर। 1989-90 व 1992 में आठ लाख कार सेवकों, सवा लाख साधु-संतों को लाठी, गोली खाने के बाद भव्य राम मंदिर बनने का सुयोग बना है। इन्हीं कार सेवकों, साधु-संतों तथा सवा रुपए दान देने वाले करोड़ों हिंदुओं को धन्यवाद देने निकला हूं। सरायइनायत के बनी गांव में गांव पहुंचे प्रवीण तोगड़िया ने कहा मोदी और अमित शाह की सरकार में किसी को लाठी और गोली नही खाना पड़ेगा। बिना आंदोलन काशी, मथुरा का रास्ता खुल जाएगा। केंद्र सरकार 1991 में पारित पूजा स्थल कानून को हटा कर देश भर में जितने भी मंदिर तोड़े गए हैं

**लाखों कार सेवकों को धन्यवाद देने निकले**

उनके पुनर्निर्माण का रास्ता साफ करेंगी। राम मंदिर निर्माण के बाद देश भर में मंदिर पार्ट टू के लिए करोड़ों हिंदूओं को संगठित करने का अभियान जारी है। इस दौरान सुरक्षा में सरायइनायत, सराय ममरेज, उतरांव, थरवई थाने की फोर्स मौजूद रही। 1989 में ही भव्य राम मंदिर निर्माण की रणनीति बनी थी। प्रवीण तोगड़िया ने कहा बाबरी ढांचा रहते हुए भव्य राम मंदिर बनाने की रणनीति बन गई थी। योजना के मुताबिक ढांचा के आसपास की ढ़ाई एकड़ जमीन उसी समय श्रीराम जन्मभूमि न्यास के नाम खरीदा गया था। सोमनाथ मंदिर बनाने वाले कारीगर के पुत्र चंद्रकांत सोमपुरा से अहमदाबाद में राम मंदिर का मॉडल विहिप की अगुवाई में ही तैयार कराया गया। 1989 में प्रयागराज कुंभ मेले के दौरान धर्म संसद की बैठक में संतों ने सर्वसम्मति से राम मंदिर का मॉडल स्वीकार किया था।





# अवंतिका कालोनी में निकली भव्य रामोत्सव शोभायात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी अयोध्या मे हो रहे श्रीराम जन्मभूमि मे रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के आनन्दोत्सव को लेकर शनिवार को अवंतिका कालोनी नैनी के महर्षि चौराहा से भव्य रामोत्सव शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें रामदरबार एवं रामभक्त हनुमान की झाकियों के साथ बड़ी संख्या में श्रीरामभक्त शामिल रहे। शोभायात्रा जय श्रीराम एवं जय हनुमान के गगनभेदी जयकारों के साथ कालोनी के विभिन्न ब्लाको से होते हुए शिवाजी पार्क में प्रसाद वितरण के साथ सम्पन्न हुई। शोभायात्रा मे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, अवंतिका रामलीला कमेटी, अवंतिका विकास समिति, सकुन विद्या मंदिर एवं भाजपा कार्यकताओं के साथ अनेक सामाजसेवियो ने भाग लिया। शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से गुरु प्रकाश रांव, पार्षद पवन यादव, प्राचार्य अशोक कुमार मिश्र, राजेश सिंह, वेद प्रकाश मिश्रा, दिलीप केसरवानी, बी बी दुबे, वी बी सिंह, अवधेश पाण्डेय, राकेश त्रिपाठी, राधे श्याम त्रिपाठी, अरुण तिवारी, राजेन्द्र शुक्ल, अनन्त झा, अमरीश दुबे, वीके शुक्ला, संजय चतुवेर्दी , गोविंद दुबे, वरिष्ठ पत्रकार गजेन्द्र प्रताप सिंह, डी के सिंह, ओम प्रकाश मिश्रा, विनोद शंकर तिवारी, अशोक जायसवाल, केएल जायसवाल, सुनील साहनी, रमेश शुक्ला, जगदंबा प्रसाद शुक्ल, चंद्रावती तिवारी, बच्चा विश्वकर्मा, अवधेश तिवारी, श्याम तिवारी, प्रमोद मिश्र आदि शामिल रहे।

# लाखों रूपए चोरी के माल समेत सरगना पकड़ा गया

## सरायइनायत पुलिस ने डेढ़ दर्जन ई-रिक्शा बैटरी, कई टायर व लैपटाप आदि चोरी का सामान किया बरामद

**अखंड भारत संदेश**




**झूंसी।** सरायइनायत पुलिस ने गत दिनों अंदावा स्थित एक ई-रिक्शा एजेंसी से लाखों रूपए कीमत के चोरी हुए सामानों को सरगना समेत बरामद कर लिया। थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए एसीपी हंडिया पंकज लवानिया ने बताया कि पकड़े गए युवकों से क्षेत्र में अन्य चोरियों के बाबत पूछताछ की जा रही है। भदोही, थाना कोईरौना, गांव बेरावां पहाड़पुर निवासी प्रदीप कुमार सिंह ने अंदावा में ईश्वरचंद पाल के मकान में ई-रिक्शा की एजेंसी खोल रखी है। 14 जनवरी की रात एजेंसी के पीछे की दीवाल में नकबजनी करके चोरों ने लाखों रुपए का माल पार कर दिया था। इंस्पेक्टर पंकज कुमार राय, उपनिरीक्षक कमरुद्दीन, दरोगा शुभम शर्मा आदि ने चुनौती पूर्ण ढंग से छठवें दिन चोरी का खुलासा करते हुए चोरी का माल और चोरी में संलिप्त युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

चोरी का मास्टर माइंड नीरज पाल पुत्र अशोक पाल, जय भारतीया पुत्र राजकुमार तथा अमन कुमार गौतम पुत्र मोहन लाल को हिरासत में लेकर चोरी में शामिल एक ई-रिक्शा, 18 ई-रिक्शा न्यू बैटरी, 6 टायर, क?ई ई-रिक्शा कंट्रोलर तथा एजेंसी मालिक के लैपटाप को बरामद कर लिया। जय भारतीया पहले भी झूंसी कोतवाली से चोरी के मामले में जेल जा चुका है।

## चोरों ने मकान का ताला तोड़ा,नकदी व सामान उड़ाये

**झूंसी।** थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी की वारदात बढ़ गई है। हप्ते भर में चोरो ने कई वारदात को अंजाम दिया जिससे लोगो मे हड़कंप मचा हुआ है। गुरुवार को चोरो ने एक रिटायर्ड दरोगा के घर को निशाना बनाया। लेखराजपुर के रहने वाले सुशील कुमार सिन्हा पुलिस में एसआई थे। वह परिवार के साथ अपने पैतृक घर अल्लापुर गए थे। गुरुवार को लौटे तो घर का ताला टूटा था। घर से इन्वर्टर, बैट्री, टीवी, कपड़े व एक लाख बीस हजार रुपये गायब थे। बुधवार को झूंसी से दो बाइक गायब हो गई। सरायइनायत के दलापुर गांव निवासी अजित पुत्र छोटेलाल गाड़ी खड़ी कर समान लेने एक दुकान में गया लौटा तो बाइक गायब थी। उसी दिन ईसीपुर से भी एक बाइक गायब चोरी हुई थी। मलावा खुर्द के मो. शेबू बाइक अपनी डेरी के बाहर खड़ी किया था। जो चोरी हो गई। लगातार हो रही चोरी से लोगो मे भय व पुलिस के प्रति आक्रोश है।

# कोलकाता जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन से अयोध्या जाने वाले राम भक्तों का सांसद, विधायक ने किया स्वागत

## 77 संतों ने अयोध्या की ओर किया प्रस्थान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए देश के कोने-कोने से आमंत्रित संतजन अयोध्या की ओर प्रस्थान कर गए हैं। इसी क्रम में आज प्रतापगढ़ में पश्चिम बंगाल के विभिन्न मठों स्वामी रामकृष्ण मठ, भारत सेवाश्रम संघ, आदि से जुड़े हुए पूज्य संतों का प्रतापगढ़ में कोलकाता से जम्मू तवी जाने वाली ट्रेन से आगमन हुआ।

स्टेशन पर विभाग प्रचारक प्रवेश के नेतृत्व में पूज्य संतों का स्वागत किया गया। इसके पश्चात पूज्य संत सच्चा बाबा आश्रम पहुंचे जहां पर कुछ देर विश्राम करने के पश्चात



स्टेशन पर संतों का स्वागत करते सांसद, विधायक व अन्य।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ के विभाग प्रचारक प्रवेश, सच्चा बाबा आश्रम के महंत मनोज ब्रह्मचारी, सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता, विधायक राजेंद्र मौर्य ने जिला प्रचारक शिव प्रसाद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक रमेश त्रिपाठी, विभाग कार्यवाही हरीश, विभाग व्यवस्था प्रमुख गिरजा शंकर मिश्र, विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉ सौरभ पांडेय, डॉ रंगनाथ शुक्ला, नगर प्रचारक आलोक, नितेश खंडेलवाल, दिनेश अग्रहरि, भाजपा नेता विजय मिश्र, पंकज मिश्र, मनोज सिंह, राहुल मौर्य आदि की उपस्थिति में पूज्य संतों को तिलक माल्यार्पण के साथ अंगवस्त्रम प्रदान कर अभिनंदन किया गया और बस के द्वारा अयोध्या के तीर्थ क्षेत्र पुरम की ओर ओर रवाना किया। पूज्य संत अत्यंत उत्साहित रहे। सभी के मन में प्रभु श्री राम की नगरी में पहुंचने की ललक साफ दिखाई पड़ रही थी। पूज्य संतों में प्रमुख रूप से स्वामी नित्यानंद गिरी, स्वामी नित्यानंद पुरी, पूज्यपद निगुर्णानंद महाराज, पार्थ गोस्वामी, पूज्य कमलेश आनंद, स्वामी देवव्रत बंधु ब्रह्मचारी, स्वामी जगत तारन दास, स्वामी प्रेमानंद गिरी आदि सहित 77 संतों ने अयोध्या की ओर प्रस्थान किया। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह अयोध्या धाम में आमंत्रित संत बंधु गौरव ब्रह्मचारी और श्रीमद् देवव्रत ब्रह्मचारी जो महानम संप्रदाय से संबंधित है और श्रीधाम श्री अंगन मठ गोल चामट, फरीदपुर बांग्लादेश से हैं

# रोटरी क्लब ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल के अध्यक्ष डाक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य के निर्देशन में शनिवार को नया माल गोदाम रोड पर कंबल वितरण शिविर का आयोजन किया, जिसमें जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया। उनके लिए चाय नाश्ते का भी प्रबंध किया गया था।

शिविर में दूर दराज से आए जरूरतमंदों को इसका लाभ मिला। समाजसेवी संजीव आहूजा ने कहा कि सेवा करने के अनेकों सोपान है। बस मन में इसका भाव होना चाहिए। रीवर डेल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मो इमरान खान ने कहा कि रोटरी क्लब जिले में कई तरह के सामाजिक कार्य कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटेरियन राजेंद्र खंडेलवाल ने की। संचालन रोटेरियन शरद केसरवानी ने किया। सचिव रोटेरियन मसूद शर्फुद्दीन ने आभार ज्ञापित किया। शिविर में रोटेरियन अश्विनी केसरवानी, मयंक चतुर्वेदी, बाबर शरफुद्दीन,



जरुरतमंदों को कम्बल देते क्लब के पदाधिकारी।

डाक्टर अनुराग, सौबान अहमद, वीके तिवारी, शनि सरोज समेत कई लोगों ने कार्यक्रम ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## 80 सीटों के लिये 3140 अभ्यर्थियों ने जवाहर नवोदय की दी प्रवेश परीक्षा

**प्रतापगढ़।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2024 में कक्षा 6 के लिए प्रवेश की सीटें 80 सीटें थी। इस दौरान 6304 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था जिसमें से 3140 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। इस दौरान सदर ब्लाक में 300 में 153 अभ्यर्थी, गौरा में 295 में 219, शिवगढ़ में 245 में 156, पट्टी में 317 में 197, आसपुर देवसरा में 801 में 281, मानधाता में 307 में 169, बिहार में 435 में 247, सांगीपुर में 304 में 127, बाबागंज में 229 में 173, मंगरौरा में 257 में 124, लक्ष्मणपुर में 354 में 173, सण्डवा चण्डिका में 283 में 155, रामपुर संग्रामगढ़ में 347 में 244, कुण्डा में 342 में 201, लालगंज में 366 में 209, कालाकांकर में 920 में 190 व बाबा बेलखरनाथ धाम में 184 में से 122 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

## बिजली व मवेशियों की समस्या को लेकर अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील परिसर से गुजरे जर्जर एचटी विद्युत तार, छुट्टा मवेशियों से फसलों को हो रहे नुकसान आदि समस्याओं को लेकर अधिवक्ताओं ने शनिवार को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सीआरओ को सौंपा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के संयुक्त अगुवाई में सीआरओ राकेश कुमार को सौपे गये ज्ञापन के जरिए अधिवक्ताओं ने कडी नाराजगी जताते हुए कहा कि तहसील परिसर में अधिवक्ता एवं वादकारी शेडो के उपर से जर्जर एचटी विद्युत तार गया हुआ है। जिससे आये दिन सार्टसर्किट होने से अधिवक्ताओं, वादकारियों में अनहोनी की आशंका बनी रहती है। वहीं तहसील इलाके में छुट्टा मवेशियों से फसलों को हो रहे नुकसान को लेकर किसानों मे परेशानी बनी है। जिम्मेदारों में गोआश्रय स्थल में छुट्टा मवेशियों को न भेजवाए जाने की लापरवाही बनी हुई है। इससे परेशान किसान मवेशियों को अपने गांव से हटाकर गोआश्रय केंद्र भेजवाने जाने की गुहार की है। मामले में सीआरओ राकेश कुमार ने समस्या के शीघ्र निस्तारण कराए जाने का अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया। वहीं सीआरओ ने छुट्टा मवेशियों की समस्या को लेकर एसडीएम लालधर सिंह यादव से गोआश्रय स्थल के अभिलेख उनके समक्ष प्रस्तुत किये जाने के निर्देश भी दिये हैं। इस मौके पर महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल, उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश द्विवेदी, विपिन शुक्ल, नितेश तिवारी, सत्यम त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# इजरायल को भेजे गये मजदूरों के विरोध में कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने दिया ज्ञापन

## युद्धस्थल पर मजदूरों का भेजना गलतः दानिश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के आवाहन पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दस हजार मजदूरों को युद्धग्रस्त इजराइल भेजने के विरोध में राज्यपाल उ0प्र0 को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की नामौजूदगी में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को पीसीसी सदस्य एवं कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दानिश माबूद के नेतृत्व में एक ज्ञापन सौंपा गया।

इसके बाद एक आवश्यक बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दानिश माबूद ने तथा संचालन शाहिद अली ने किया। बैठक को



जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन देते कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी।

संबोधित करते हुए दानिश माबूद ने कहा कि अखबारों में प्रकाशित गजट के अनुसार युद्धग्रस्त इजरायल सरकार द्वारा निर्माण कार्य के लिए भारत से मजदूरों की मांग की गई है, जबकि इजराइल और फिलीस्तीन के बीच युद्ध चल रहा है जिसमें कई देश शामिल है। ऐसी स्थिति में अपने नागरिकों की जान को जोखिम में डालकर इजराइल भेजना देश हित के लिए विरुद्ध तो है ही अमानवीय कृत्य भी है। इस कृत्य से पूरी दुनिया में भारत की बदनामी होगी क्योंकि इससे यह संदेश जाएगा की भारत की सरकार ने अपनी जनता को इतना गरीब बना दिया है कि वह जीवन यापन के लिए उस जगह पर भी मजदूरी करने के लिए मजबूर है जहां हर मिनट पर आसमान से रॉकेट और बम गिराए जा रहे हैं, जिससे देश की दरिद्रता की सच्चाई के बाहर आ जाने से देश विरोधी शक्तियां इसका गलत फायदा भी उठा सकती हैं। ज्ञापन देने में मुख्य रूप से सुहैल अंसारी, इरफान खान एडवोकेट, वेदांत तिवारी, जावेद खान, इस्तखार खान एडवोकेट, रामचंद्र वर्मा, मोहम्मद नदीम, करन कुमार, जीशान अहमद एडवोकेट, अबू शहमा, शादाब राइन, गुलाम एजदानी, नदीम अंसारी, मो0 अफजल, धर्मेंद्र कुमार, अली हुसैन आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## ठंड से कांप रहे है लोग, अलाव की व्यवस्था नदारद

अखंड भारत संदेश



**पट्टी, प्रतापगढ़।** जैसे-जैसे ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है वैसे प्रशासन और नगर पंचायत का लोगों के प्रति रवैया शिथिल हो रहा है। पट्टी नगर पंचायत में अलाव की व्यवस्था न होने से जहां आम जनमानस में परेशानी का आलम दिखाई दे रहा है वही व्यापारी और दुकानदार के साथ अधिवक्ता भी परेशान हैं। दावा तो कुछ और किया जा रहा है लेकिन हकीकत उसे इतर है। पट्टी में शुक्रवार की दोपहर एक अधिवक्ता की हालत बिगड़ने से मौत हो गई। अधिवक्ताओं का मानना है कि ठंड के कारण मौत हुई थी। खबर सुनकर अधिवक्ता आक्रोशित हो गए और कई अधिवक्ताओं ने यह आरोप लगाया की पट्टी नगर पंचायत में कोई अलाव की व्यवस्था नहीं है जिसके कारण ठंड से लोग बीमार हो रहे हैं और अपनी जान गंवा रहे है, वही पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अलाव की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे यहां पर पहुंचने वाले मरीज और उनके तीमारदारभी ठंड से कांप उठते हैं। हांड कपा देने वाली ठंड में लोगों का जीना दूभर हो चुका है। पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक अखिलेश जायसवाल का कहना है कि नगर प्रशासन और नगर पंचायत द्वारा कोई भी अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है जिससे मरीज परेशान है।

# श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समिति ने नगर में निकाली प्रभात फेरी

## सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति प्रतापगढ़ के संयोजकत्व में जिले के सभी खंडों के सभी गांवों में प्रातः काल प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में भी व्यापक उत्साह समाज में रहा। इस प्रकार पूरे जिले में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

प्रतापगढ़ नगर में भी सभी बस्तियों में प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमे बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित रही। नगर की केशव बस्ती में भी बड़ी संख्या में राम भक्त उपस्थित होकर प्रातः काल वाद्य यंत्रों के साथ श्री राम जय राम जय जय राम का संकीर्तन करते हुए एवं जय श्री राम का उद्घोष करते हुए



नगर में प्रभात फेरी में शामिल समिति के पदाधिकारी

प्रभातफेरी निकाली गई। इसी प्रकार नगर की शिव बस्ती, महुली अर्जुन बस्ती, माधव बस्ती, हनुमत बस्ती, मां काली बस्ती आदि सभी जगह पर व्यापक रूप से ढोल, नगाड़ा वाद्य यंत्रों के साथ ध्वजा पताका लिए हुए भगवान श्री राम की भक्ति में पूरी तरीके से आनंद के वातावरण में प्रसन्न चित्र भाव से इस बात का संदेश दे रहे थे कि 22 जनवरी 2024 को हम सभी अपने निकट के मंदिरों में एकत्रित होकर दिन में भजन, कीर्तन सुंदरकांड का पाठ, हनुमान चालीसा का पाठ, विजय मंत्र का पाठ एवं अन्य आध्यात्मिक कार्यक्रमों को संपन्न करेंगे। महुली बस्ती की शोभा यात्रा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत के घुमंतू कार्य के संयोजक शशिभाल उपस्थित रहे।

इनके अतिरिक्त पूर्व अध्यक्ष भाजपा ओमप्रकाश त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, प्रतापगढ़ के विधायक राजेंद्र मौर्य, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य दिग्विजय आदि अनेक लोग उपस्थित रहे। इस आशय की जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ विभाग के विभाग प्रचार प्रमुख एवं श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति प्रतापगढ़ के सहसंयोजक प्रभा शंकर पांडेय ने दिया। इस अभियान के सफल संचालन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माननीय विभाग संघ चालक रमेश चंद्र त्रिपाठी, विभाग कार्यवाह हरीश कुमार, विभाग प्रचारक प्रवेश, जिला प्रचारक शिव प्रसाद, जिला कार्यवाह हेमंत कुमार, अभियान के सहसंयोजक शिव शंकर सिंह, विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री एवं अभियान के सहसंयोजक रजनीश, रामचंद्र, खंड कार्यवाह अजय सिंह, संजीव आहूजा, शिवकुमार, सारिका श्रीवास्तव, प्रमिला शुक्ला, अनुराधा केसरवानी, विवेक कुमार, राम उजागर मिश्र, अशोक शर्मा, नगर प्रचारक आलोक, अभियान के संयोजक राजन, जयशंकर, उमाशंकर, राजेश जायसवाल, पिंकी दयाल, अंकित, राज, सहसंयोजक महेश गुप्ता, अभियान के प्रचार प्रमुख शिवेश शुक्ला, विवेक कुमार पांडे, मनीष रावत, सीतांशु ओझा, देवव्रत, नितेश खंडेलवाल, दिनेश अग्रहरि, नीरज कुमार मिश्रा, क्षमा शंकर, विनोद आदि मौजूद रहे।

## आलापुर में 15वां मां भवानी क्रिकेट कप टूनामेंट शुरू, आचार्य देव व्रत महराज ने किया उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के मां भवानी द्वार मिश्रपुर में शनिवार 15वां मां भवानी कप क्रिकेट टूर्ना मेंट का उद्घाटन कथा वाचक आचार्य देव व्रत जी महराज ने फीता काटकर उद्घघाटन किया खेलकूद के आयोजक ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार उर्फ. गुड्डू ओझा व वरिष्ठ गणमान्य लोगो ने आचार्य को माला पहनाकर स्वागत किया।

खिलाड़ियों को अपने सम्बोधन मे हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल को लक्ष्य मानकर खेले तभी सफलता मिलती है प्रतियोगिता मे भाग लेने से प्रतिभा उभर कर सामने आती है खेल कूद मे हार जीत कोई मायने नही रखता। कोई भी खेल हो उसे जीत समझकर खेले तभी



मिश्रपुर क्रिकेट टूनामेंट का उद्घाटन करते आचार्य देव व्रत महराज।

सफलता कदम चूमती है। इस खेलकूद प्रतियोगिता मे 32 टीम भाग ले रही है जो 15 दिनों तक चलता रहेगा। विजयी टीम को खेलकूद के प्रबंधक मनोज कुमार उर्फ. गुड्डू ओझा मैडल के साथ पुरस्स्कार वितरण करेंगे। इस मौके पर ग्राम प्रधान राकेश सरोज, शेष पांडे, अखिलेश तिवारी, दिलीप यादव, अनुज सिंह, प्रेम कुमार (कमन्टेटर) कपिल तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## पेड़ की डाल गिरने से महिला की मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पेड़ की डाल गिरने से गंभीर रूप से घायल महिला की मौत हो गयी। घटना से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के जगदीशपुर लखरईया अनेहरा गांव की कर्मी देवी 45 पत्नी सुखराम सरोज शनिवार सुबह करीब साढे सात बजे घर के पास पड़ोसी द्वारा कटाई जा रही नीम की डाल को देख रही थी। इसी बीच डाल कटने के बाद नीचे गिरते समय महिला उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। आननफानन में परिवार के लोग उसे इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर ले आये। यहां प्राथमिक निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से परिवार के लोगों को रो रो कर बुराहाल है। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि मृतका के पति ने लिखित सूचना देकर मामले में किसी भी प्रकार की कार्रवाई न करने की बात कही है। मृतका का शव पंचनामा के बाद परिवार के लोगों के सुपुर्द कर दिया गया।

# समाधान दिवस पर सदर तहसील में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं



तहसील सदर में समस्याएं सुनते डीएम-एसपी।

अखंड भारत संदेश

### अधिकारियों को निस्तारण करने के दिये निर्देश

**प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आज शनिवार को तहसील सदर में जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी को शिकायतों के शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने के लिये डीएम ने निर्देशित किया।

इस दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने लेखपालों को निर्देशित किया कि जिन सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे किये गये है उसे खाली कराया जाये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कहा कि पुलिस थाने में आये हुये फरियादियों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करे, उनकी शिकायतों को सावधानीपूर्वक सुने तथा जल्द से जल्द उनकी शिकायतों का निस्तारण करायें।

## समाधान दिवस पर आयीं पैतालिस शिकायतें, छह का हुआ निस्तारण

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को कुल पैंतालिस शिकायतें आयी। जिनमे से अफसरों से मौके पर छः शिकायतों का निस्तारण कराया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व की सत्रह व पुलिस विभाग से जुड़ी आठ शिकायतें रही। सीआरओ राकेश कुमार ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए लम्बित शिकायतों का निस्तारण न होने पर कडी नाराजगी जतायी। समाधान दिवस में अधिकतर शिकायतें जमीनी विवाद से जुड़ी रहीं। सीआरओ ने शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस टीम बनाकर पारदर्शिता से कार्य कराए जाने के निर्देश दिये। वहीं सीओ रामसूरत सोनकर ने पुलिस से जुडी शिकायतों की सुनवाई की। समाधान दिवस का संयोजन एसडीएम लालधर सिंह यादव तथा संचालन तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार, वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्रा, अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## अयोध्या में भगवान श्रीराम की मूर्ति स्थापना उत्सव को लेकर रामरथ रवाना

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अयोध्या में भगवान श्रीराम की मूर्ति स्थापना उत्सव को लेकर यहां तहसील लालगंज इलाके में भी लोगों की आस्था हिलोरें ले रही है। विकासखण्ड लालगंज के मधुकरपुर निवासी भाजपा नेता कुलवंत सिंह चैहान द्वारा तैयार कराया गया रामरथ शनिवार को अयोध्या के लिए रवाना हुआ। इसके पूर्व रामरथ स्थानीय तहसील के साथ ही कुण्डा, पटटी व सदर आदि इलाकों में भ्रमण करते लोगों में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित महोत्सव में सहभागिता के प्रति प्रेरित करता दिखा। जगह जगह रामरथ के पास खड़े होकर लोग भगवान श्रीराम का जयघोष भी करते दिखे।

## डीएम के आदेश को नही मान रहे बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गुलरही बाग परियावां निवासी विधवा सुशीला देबी पत्नी स्व0 अर्जुन प्रसाद की छोटी आटा पीसने की चक्की है जिससे अपने परिवार का किसी तरह लड़के के साथ जीविको पार्जन कर परिवार का खर्च चला रही है विधवा बराबर बिल का भुगतान करती चली आ रही है। इसके बाबजूद बिजली विभाग ने 8 जनवरी 2024 को विधवा की चक्की की लाइन काट दिया जब कि बिल का पुरा पैसा जमा है। इस पर डीएम ने 16 जनवरी 2024 को आदेश एक्स ई एन को दिया है कि बिल जमा है तो लाइन को जोड़कर अवगत कराये लेकिन के जिम्मेदार अधिकारी डी एम के आदेश को नही मान रहे है ऐसे मे विधवा का खर्च चल पाना मुश्किल पड़ गया है।

## श्री हनुमान मंदिर चिलबिला पर होने वाले कार्यक्रम की पूरी हुई तैयारी

### रविवार की सुबह श्री सीताराम संगकीर्तन पाठ से होगा शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री हनुमान मंदिर चिलबिला पर प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर होने वाले आयोजन की आज समीक्षा की गई। मंदिर की सजावट का कार्य शुरू हो गया है मंदिर को फूल मालाओं से सजाया जा रहा है। विद्युत झालरों से पूरा परिसर प्रकाशमय करने की तैयारी आज से शुरू हो गई है।

मंदिर समिति के महासचिव रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि 21-22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम की तैयारी बैठक हनुमान भक्तों ने आज की। पूरे मंदिर परिसर की सजावट फूल मालाओं से विद्युत लाइट झालरों से की जा रही है। 21 जनवरी को सुबह 9 से श्री सीताराम संगकीर्तन पाठ का शुभारंभ होगा। जो 22 तारीख को सुबह 11 बजे तक चलेगा। 11 बजे से 1 बजे तक अयोध्या में प्रभु श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण सभी भक्तगण देखेंगे। 1 बजे से 5 बजे तक भजन कीर्तन एवं 5:00 बजे 5100 दीपों से पूरे परिसर को प्रकाशमय कर 6 बजे महा आरती होगी। 7 बजे से आतिशबाजी एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भक्तों द्वारा आयोजित है। कार्यक्रम प्रभारी सुरेश अग्रवाल ने सभी भक्तों से अनुरोध किया कि सभी धार्मिक कार्यक्रम में पहुंचकर प्रभु श्री राम जी के भव्य मंदिर व प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखकर पुण्य के भागीदार बने। कार्यक्रम में तन मन धन से लगे हनुमान भक्त सुरेश अग्रवाल, सूरज उमरवैश्य, रामगोपाल, सत्य प्रकाश केडिया, प्रमोद कुमार, छेदीलाल, सोनू महाराज, शनि महाराज, आशीष कुमार, सूरज, आदर्श कुमार, देवानंद, संतोष कुमार, त्रिभुवन लाल, विवेक कुमार, अमन गुप्ता, श्याम बाबू, राकेश कुमार, विजय बाबू, प्रभात कुमार आदि उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को रौंदा एक की मौत, दो की हालत गंभीर

## टक्कर मारकर रौंदते हुए फरार हुआ अज्ञात वाहन, पुलिस वाहन की तलाश में जुटी

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के राष्ट्रीय राजमउर्ग अझुवा पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को रौंद दिया जिससे एक महिला की मौत हो गई एक महिला और एक पुरुष घायल हो गए सूचना पर मौके पर पहुंची चौकी पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। घटनाक्रम के मुताबिक नीरज उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र राम स्वरूप निवासी नरसिंह पुर कछुआ अपने माता सुनीता के साथ अमांव सलेमपुर में ब्याही बहन मनीता पत्नी जितेंद्र को लेकर एक बाइक वढ 73व6669 में बैठा कर अमांव के सलेमपुर से अपने घर लिवा जा रहा था उसका पिता रामस्वरूप साधन से घर लौट रहा था बाइक सवार नीरज जैसे ही अझुवा के पेट्रोल पंप के पास पहुंचा अज्ञात सफारी वाहन ने रौंद दिया जिसमे नीरज की माता सुनीता उम्र लगभग 46 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई वहीं मनीता के सिर में गहरी चोट आई है नीरज भी घायल हो गया प्रत्यक्ष दर्शियों ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया सूचना पर मौके पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेज कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजते हुए प्रत्यक्ष दर्शियों द्वारा दिए गए घटना कारित करने वाले सफारी वाहन की तलाश में जुट गई है।पिता रामस्वरूप ने बिलखते हुए बताया कि उसकी पुत्री मनीता की तबियत खराब थी सभी लोग इलाज करवाने के लिए बुलाने गए थे।

# संस्कृत महाविद्यालय भरवारी में नियुक्ति को लेकर हंगामा

### प्रबंध तंत्र के सदस्यों ने कुलपति, राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री से मामले को लेकर शिकायत किया

**कौशाम्बी।** जिले के हुबलाल संस्कृत महाविद्यालय भरवारी में शिक्षा माफिया,प्रबंधक और प्रधानाचार्य पर अवैध रूप से अध्यापकों की नियुक्ति करने का आरोप लगा है। प्रबंध तंत्र के सदस्यो ने फर्जी नियुक्ति करने का आरोप लगाते हुए संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति,मुख्यमंत्री और राज्यपाल को शिकायती पत्र भेजकर नियुक्ति के लिए 21 जनवरी को होने वाले साक्षात्कार को तत्काल रोक लगाने की गुहार लगाई है। कौशाम्बी जिले में कई संस्कृत महाविद्यालय संचालित है,इन संस्कृत महाविद्यालयो में बहुत सारे अध्यापकों के पद रिक्त चल रहे है, 2013 में इसके पूर्व अध्यापकों की नियुक्ति के लिए अखबार में विज्ञापन निकला था, सारी औपचारिकताएं पूरी होने के पूर्व ही नियुक्ति पर रोक लग गई थी,जिसके बाद से जिले के एक शिक्षा माफिया पर इन नियुक्तियों की नजर लग गई और शिक्षा माफिया ने अपना जाल बिछाते हुए अखबार में पुनः नियुक्ति का विज्ञापन निकलवाते हुए अभ्यर्थियों को फर्जी तरीके से चयन करते हुए 20 से 30 लाख रुपए लेकर साक्षात्कार के लिए बुलावा पत्र भेजा है। जब इस बात की सूचना प्रबंध तंत्र के सदस्यो को हुई तो उन्होंने प्रबंधक और प्रधानाचार्य से इस संबंध में वार्ता की लेकिन वह ठीक जवान नही दे सके।जिसके बाद सदस्यो दिलीप केसरवानी और मनोज केसरवानी ने इसकी शिकायत संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति, मुख्यमंत्री और राज्यपाल को पत्र भेजकर की है। प्रबंध तंत्र के सदस्यो ने सभी से तत्काल प्रभाव से नियुक्ति प्रक्रिया को रोकने और पूर्व में चयनित अभ्यर्थियों को शामिल करने के गुहार लगाई है। वही इस मामले में एक अभ्यर्थी ने भी राज्यपाल को पत्र भेजकर इस नियुक्ति में भ्रष्टाचार का आरोप और प्रधानाचार्य पद पर गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध सख्स के विरुद्ध करवाई किए जाने को लेकर और तत्काल प्रभाव से नियुक्ति का साक्षात्कार रोकने की गुहार लगाई है।भ्रष्टाचार का मामला सामने आते ही जिले की इंटेलिजेंस जांच में जुट गई है।

## न्यूज झरोखा

### दुर्गा मंदिर की नवीन स्थापना के लिए निकाली गई विशाल शोभायात्रा हजारों नर नारियों ने जय घोष कर नगर का किया भ्रमण



**अझुवा कौशांबी** आदर्श नगर पंचायत वार्ड नंबर 9 इंदिरानगर में दुर्गा माता मंदिर का नवीन निर्माण हुआ है आयोजकों ने आज शनिवार को डीजे की धुन पर विशाल शोभायात्रा निकाली है शोभायात्रा वार्ड नंबर 9 से होते हुए नवीन मंडी समिति जहां व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश केसरवानी ने फलाहार करवाया है।राष्ट्रीय राजमार्ग हनुमान मंदिर के पास पहुंची जहां लोगो ने जय श्री राम ,जय हनुमान के नारों से क्षेत्र को गुंजायमान किया है शोभायात्रा राष्ट्रीय राजमार्ग के भोला चौराहे से लाई मंडी, गुड़मंडी,शायरी माता तिराहे होते हुए सब्जी मंडी ,वार्ड नंबर 9 दुर्गा मंदिर पहुंची है आयोजकों ने बताया कि अयोध्या में प्रभु श्री राम का 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होनी है उसी दिन नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 9 इंदिरानगर में अति सुंदर बनाए गए दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा होगी एवम विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा आज की शोभायात्रा देख नगर पंचायत के वाशिंदे भक्ति लीन हो गए डीजे की धुन पर भक्त थिरकते नजर आए हैं शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत ,जल पान कराया गया मुख्य यजमान मंदिर अध्यक्ष जगदीश केसरवानी,उमेश केसरवानी,प्रदीप केसरवानी,निलेश केसरवानी,राजेंद्र सोनी,संजीव केसरवानी ,नवल केसरवानी,विपिन सोनी,अर्जुन सोनी,राकेश केसरवानी,आकाश केसरवानी, विजय श्रीवास्तव,कल्लू सोनी ,प्रदीप अग्रहरी,भोला केसरवानी,रितेश केसरवानी शिव नारायण केसरवानी सहित हजारों लोग मौजूद रहे ।इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु चौकी पुलिस एलर्ट रही है।

### पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने मंदिर प्रांगण में चलाया सफाई अभियान



**कौशाम्बी** श्री राम लला जी के प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व प्रदेश सरकार द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है शनिवार को पार्टी के निदेर्शानुसार कसिया मंडल अध्यक्ष विजय पाल के अध्यक्षता में पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने संदीपन घाट मंदिर प्रांगण में झाड़ू लगाया व बजरंग बली जी की मंदिर व शंकर जी के मंदिर में साफ सफाई किया तत्पश्चात इस कड़ाके के ठंड को देखते हुए पूर्व विधायक ने मंदिर के समस्त पुजारियों को दो-दो कंबल वितरित किया पूरा मंदिर प्रांगण जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा स्वच्छता अभियान में मुख्य रूप से पार्षद सूरज यादव, पार्षद शंकर लाल केशरवानी, पर्षद शंकर लाल केशरवानी उर्फ बच्चा, उपांशु केसरवानी, ओम कृष्ण पांडे,पवन त्रिपाठी, सत्यम कौशल, सुधीर केशरवानी,गुलशन पांडे,संजय कुमार पाण्डे सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नारा के शिव मंदिर में सफाई कर श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के दिन भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारी



**कौशाम्बी** प्रभु श्री राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा की खुशी को लेकर मंझनपुर तहसील के ग्राम नारा के शिवराम गंज बाजार में स्थित शिव मंदिर में स्वच्छता देव स्थल का अभियान शुरू हुआ गांव के लोगों ने एकत्रित होकर मंदिर की विद्वत सब सफाई की है और श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के दिन भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारी कर रहे हैं जिसमें मंडल उपाध्यक्ष ब्रिजेश केसरवानी व राजन यादव राजा द्विवेदी रवि यादव सौरभ केसरवानी संनी केसरवानी तोफान यादव मनीष यादव मुकेश श्रीवास्तव प्रकाश चन्द्र केसरवानी शिवम् केसरवानी इंद्रजीत सोनकर होरी लाल गौतम (नेता जी ) मुलायम सिंह यादव (मंत्री जी) निखिल यादव इत्यादी तमाम रामभक्तो की उपस्थिति रही।

### सवालों के घेरे में खड़ी हो गई कंबल वितरण योजना



**चायल कौशाम्बी** कड़ाके की ठंड में गरीब कमजोर मजलूम लोगों के लिए कम्बल वितरण करने की योजना औपचारिकता तक सीमित रह गई है जरूरतमंद लोगों को अधिकारियों द्वारा कंबल दिए जाने के बजाय ग्राम प्रधानों के जिम्मे गठ्ठर का गठ्ठर कम्बल दिया जा रहे हैं और ग्राम प्रधान वोट की राजनीति के तहत अपने चहेतों को कंबल दे रहे हैं गरीब कमजोर मजलूम कम्बल पाने से वंचित हो रहे हैं चायल तहसील में ग्राम प्रधानों को गठ्ठर का गठ्ठर कंबल दिए जाते हुए देखा गया है कम्बल वितरण में पक्षपात से नाराज गरीबो ने चायल तहसील का घेराव का कंबल वितरण योजना की धांधली पर जमकर बयान बाजी की है खुलेआम कंबल वितरण योजना में धांधली का ग्रामीणो द्वारा आरोप लगाए जाने के बाद एक बार फिर कंबल वितरण योजना सवालों के घेरे में खड़ी हो गई है

### रोजगार मेले में 162 अभ्यर्थियों को दिया गया रोजगार



**बैरमपुर कौशाम्बी** कौशल विकास मिशन, राजकीय आई0टी0आई0 एवं सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत विकास खण्ड-कौशाम्बी में आज शान्ती देवी राजन बाबू डिग्री कॉलेज पश्चिम शरीरा के परिसर में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 409 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं 06 नियोक्ता कम्पनियों के द्वारा कुल 162 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मंझनपुर लाल बहादुर ने किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन के0के0 राम, डीएसएम योगेन्द्र कुमार शुक्ला, डीपीएम शिव नरेश शुक्ला, प्लेसमेन्ट प्रभारी सेवायोजन विनोद सिंह एवं कौशल विकास मिशन शनी पाण्डेय आदि उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि द्वारा रोजगार मेले में उपस्थित प्रतिभागी अभ्यर्थियों को रोजगार मेले के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

### पिपरी थाना प्रभारी ने वितरण किया कंबल

**तिल्हापुर मोड़ कौशांबी** दीपमाला जन कल्याण सेवा संस्था तिल्हापुर मोड़ में थाना पिपरी इंचार्ज अपने स्टाफ के साथ पहुंच कर दिव्यांग और मानसिक सभी बच्चों को कंबल वितरण किया मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि थाना अध्यक्ष द्वारा कंबल वितरण किए जाने का यह कार्य बहुत ही सराहनीय है कंबल वितरण के दौरान दीपमाला जन कल्याण सेवा संस्था के संस्थापक मैदान सिंह, अध्यक्ष दीपक सिंह, समन्वयक अजीत कुमार तिवारी, साक्षी सोनकर, रेखा सिंह, संगीता सिंह, अभिषेक कुशवाहा, नेहा पाल, सावित्री देवी, डॉक्टर राकेश कुमार पासवान आदि लोग उपस्थित रहे।

# सामुदायिक शौचालय में ताला बंद करने वाले पंचायत सचिव को नोटिस जारी

### ओडीएफ घोषित होने के बाद खुले में शौच करने को मजबूर ग्रामीण खबर को अखंड भारत संदेश ने प्रमुखता से किया था उजागर

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** मूरतगंज विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत नरना उर्फ आलम चंद्र में 6 माह से सामुदायिक शौचालय में तालाब बंद कराए जाने की खबर को अखंड भारत संदेश समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया खबर को संज्ञान लेकर आला अधिकारी जागे और खंड विकास अधिकारी कार्यालय मूरतगंज ने पंचायत सचिव आशीष कुमार केसरवानी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है कि आखिर किन स्थितियों में सामुदायिक शौचालय में ताला बंद किया है उन्होंने दो दिवस के भीतर जवाब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है और संतोषजनक स्पष्टीकरण ना प्राप्त होने या आप्राप्त होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के लिए उच्च अधिकारी को सूचित करने की बात पत्र में लिखी है समाचार प्रकाशित किए जाने के बाद सामुदायिक शौचालय में ताला बंद करने वाले जिम्मेदारों के सांस फूलने लगे हैं उक्त जानकारी एडीओ पंचायत मूरतगंज नवनीत सिंह ने दी है।

## सामूहिक विवाह कराने की तैयारी में जुटा प्रशासन

कौशाम्बी उ0प्र0 सरकार की अति महत्वाकॉक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत दिनांक 24 जनवरी 2024 को स्टेडियम पूरब-पश्चिम शरीरा परिसर एवं 29 जनवरी 2024 को स्टेडियम नेवादा परिसर तथा दिनांक 13 फरवरी 2024 को सरदार बिठ्ठल भाई पटेल इंटर कॉलेज उदहिन बुजुर्ग परिसर में सम्बन्धित तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विकास खण्ड/नगर निकायों के निवासियों से सम्बन्धित व्यक्तियों की पुत्रियों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया जाना है। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने दी।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील मंझनपुर में सुनी जनशिकायतें

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील मंझनपुर में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाय, शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित किया जाय तथा मौके पर जाकर शिकायतकर्ता से मिलकर शिकायत का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित अपने विभागीय योजनाओं/ इंडीकेटर्स में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में ग्राम-फरीदपुर समरों के अन्त्योदय/ पात्र गृहस्थी के कुछ कार्डधारकों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उचित दर बिक्रेता द्वारा मशीन में फिंगर प्रिन्ट लगवा लिया जाता है, राशन का वितरण नहीं किया जाता है तथा घटतौली भी की जाती है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिलापूर्ति अधिकारी को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता जवाहिर लाल निवासी ग्राम-टेंवा ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनकी भूमिधरी पर दबंग व्यक्ति द्वारा जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मंझनपुर को राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा प्रकरण की जॉच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। तहसील सिराथू में कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस अवसर पर सीडीओ डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, सीएमओ डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी आकाश सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# मानव श्रृंखला निर्माण एवं सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम को आयोजित कराने के लिए एडीएम ने दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड द्वारा उदयन सभागार में मानव श्रृंखला निर्माण एवं सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई।बैठक में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी तारकेश्वर मल्ल ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती पर दिनांक 23 जनवरी 2024 को मानव श्रृंखला निर्माण एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। अपर जिलाधिकारी ने मानव श्रृंखला निर्माण के सम्बन्ध में जिला विद्यालय निरीक्षक एसएन यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश गुप्ता, ई0ओ0 मंझनपुर एवं खण्ड विकास अधिकारी मंझनपुर को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। उन्होंने ई0ओ0 मंझनपुर को साफ-सफाई एवं ट्रैफिक इंस्पेक्टर को यातायात की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने जनपद की समस्त तहसीलों एवं ब्लॉकों में भी मानव श्रृंखला निर्माण एवं सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को भी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सफलतापूर्वक कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिये।

## समस्त कार्यालयाध्यक्षों को 24 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन कराने के निर्देश

**कौशाम्बी** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। दिनांक 25 जनवरी 2024 को मो० हजरत अली के जन्मदिवस का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन अब दिनांक 24 जनवरी 2024 को किया जायेंगा। जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार ने जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्षों को दिनांक 24 जनवरी 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे अपने कार्यालय के समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों/ मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस शपथ सम्बन्धी कार्यकम का आयोजन करने के निर्देश दियें हैं।

## सैकड़ो वर्ष पुराने मंदिर की साफ सफाई करना भूल गया प्रशासन

### आस्था के इस प्राचीन मंदिर तक ग्रामीणों को जाने का नहीं बन सका रास्ता



**कौशाम्बी।** अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे प्रदेश के मंदिरों की साफ सफाई कराए जाने का निर्देश योगी सरकार ने जिला अधिकारियों को भेजा है लेकिन कौशांबी जिले के चरवा क्षेत्र अंतर्गत पकसराई गांव के बाहर सैकड़ो वर्ष पुराना अति प्राचीन माता सरस्वती आनंदी के मंदिर की साफ सफाई और इस मंदिर को श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के दिन सजावट करने को प्रशासन भूल गया है स्थानीय अधिकारी ग्राम पंचायत खंड विकास अधिकारी कार्यालय ने भी प्राचीन मंदिर की साफ सफाई करने का प्रयास नहीं किया है मंदिर पुजारी के तमाम प्रयास के बाद भी सैकड़ो वर्ष पुराने इस मंदिर तक जाने का रास्ता नहीं बन सका है क्षेत्र के लोगों ने कई बार ग्राम प्रधान से लेकर सांसद से मंदिर तक रास्ता बनवाने की मांग की लेकिन इस प्राचीन मंदिर तक रास्ता नहीं बन सका है मंदिर के चारों ओर गंदगी का अंबार लगा है जिसे कभी-कभी मंदिर की देखरेख करने वाले पुजारी मुलुक श्याम और मानसिंह बाबा साफ सफाई कर देते हैं। बताया जाता है कि यह मंदिर छठवीं शताब्दी में स्थापित किया गया था और इलाके के तमाम गांव के हजारों ग्रामीणों की आस्था इस मंदिर से जुड़ी हुई है गांव के बाहर जंगल क्षेत्र में बनी सरस्वती आनंदी माता के मंदिर तक रास्ता न होने से मंदिर जाने में भक्तों को दिक्कतों से जूझना पड़ता है क्षेत्र के लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए सरस्वती आनंदी माता के मंदिर तक जाने का रास्ता बनाए जाने और प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व अति प्राचीन सरस्वती आनंदी माता के मंदिर की साफ सफाई कराए जाने की मांग की है।

# डायट सभागार में आयोजित हुआ शिक्षक संकुल त्रैमासिक



**कौशाम्बी।** शिक्षक संकुल त्रैमासिक दिनांक 19 जनवरी को श्रीमती भारती त्रिपाठी उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ प्रथम चरण में विकासखण्ड सिराथू, चायल एवम् द्वितीय चरण में विकासखण्ड मूरतगंज व कड़ा के शिक्षक संकुल त्रैमासिक डायट के सभागार में आयोजित हुआ। बैठक का शुभारम्भ डॉ0 ए0 के0 श्रीवास्तव वरिष्ठ प्रवक्ता डायट ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवम् दीप प्रज्ज्वलित कर किया। श्रीमती भारती त्रिपाठी उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर ने सभी शिक्षक संकुल को पूर्व निर्धारित एजेंडा विन्दुओ एनएटी परीक्षा परिणाम के आधार पर स्कूल का वर्गीकरण कर ग्रेड ऊए पर ध्यान केंद्रित कर उपचारात्मक टीचिंग करने, प्रति माह स्पॉट असेसमेंट/ शिक्षक के द्वारा निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से शत प्रतिशत आकलन के अनुसार स्कूल को सक्षम,मध्यम, संघर्षशील मे वर्गीकरण कर, प्रभावी तरीके से शिक्षण कार्य करने, छात्र उपस्थिति बढ़ाने, बेहतर क्लास ट्रांसफॉर्मेशन करने संबधी एवम् प्रेरणा पोर्टल से प्राप्त डाटा में जहां भी जनपद कौशांबी पीछे/निम्न रहा है कारणों का पता कर अनिवार्य रूप से भविष्य में टॉप रहने के निर्देश दिए। डॉ0 कमलेंद्र कुमार कुशवाहा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षक संकुल को अपने विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने के लिए प्रेरित किया सभी शिक्षक टीम के रुप में शिक्षण कार्य कर अपने विद्यालय को निपुण स्कूल बनाए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही क्षम्य नही होगी। धीरज कुमार प्रवक्ता डायट ने डीएलएड प्रशिक्षु द्वारा छात्रों के आकलन से संबंधित टीम बिल्डिंग, समर्थ ऐप पर उपस्थिति, एवंम टीएलएम पर प्रस्तुतीकरण किया ओम प्रकाश सिंह स्टेट रिसोर्स पर्सन ने 5 प्वाइंट टूल किट, आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका 2023-24 के आगामी माह में प्रभावशाली ढंग से कैसे करें, पर प्रस्तुतीकरण किया। डॉ0 दिलीप कुमार तिवारी स्टेट रिसोर्स पर्सन ने निपुण भारत मिशन की अकादमिक रणनीति, भाषा एवम् गणित शिक्षण योजनाओं पर चर्चा एवम् प्रस्तुतीकरण किए। इस त्रैमासिक बैठक के संयोजक धीरज कुमार प्रवक्ता/निपुण भारत मिशन प्रभारी डायट रहें।इस अवसर पर धर्मराज सिंह जिला समन्वयक प्रशिक्षण सहित सभी प्रवक्ता, स्टॉफ,संबंधित विकासखण्ड के शिक्षक संकुल एवम् कुछ प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित रहे।

# जीवन में कब परिवर्तन आ जाए इसकी कोई गारंटी नहीं : कथा प्रवक्ता आचार्य



**कनैली कौशांबी।** जिले के जाठी ग्राम में चल रही सप्त दिवसीय श्री राम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्री राम कथा के भव्य आयोजन में छठे दिवस की कथा का व्याख्यान करते हुए कथा प्रवक्ता आचार्य श्रीदेवी प्रसाद मिश्र (मधुकर जी) महाराज ने कहा की जीवन में कब परिवर्तन आ जाए इसकी कोई गारंटी नहीं है लेकिन जीवन में परिवर्तन आएगा इसकी गारंटी है भगवान श्री राम जब विवाह करके अयोध्या आए, जिन भगवान को अयोध्या में राज भोगना था वहीं पर ब्रह्म परमेश्वर वनवास भोग रहे हैं आज का हर एक पिता यह सोचता है कि मेरा पुत्र मेरी बात माने, लेकिन महाराज दशरथ क्या सोच रहे हैं कि मेरा पुत्र मेरी बात ना माने अर्थात मेरी बात ना मानकर वनवास न जाकर घर पर ही रहे यह महाराज दशरथ का पुत्र प्रेम है वनवास को प्राप्त कर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम गंगा को पार करने के लिए केवट भैया के नौका का सहारा लिया जो पर ब्रह्म परमेश्वर संसार को भवसागर से पर उतरते हैं आज वही पारब्रह्म परमेश्वर एक साधारण मानव का स्वरुप बनाकर एक छोटी सी नदी को पार करने के लिए केवट भैया से नौका मांगते हैं। जीवन में कब और कैसे स्थिति बदल जाए यह पता नहीं है इसलिए मनुष्य को सदा सर्वदा साधारण मानव का जीवन यापन करना चाहिए समाज को लेकर के चलना चाहिए समाज किस प्रकार से मर्यादित रहे .वह आचरण करना चाहिए इस लीला को कर-के भगवान श्री राम यही संदेश समाज को देते हैं उधर भगवान के वनवास के उपरांत महाराज दशरथ की मृत्यु होती है भरत भैया ननिहाल से आते हैं वशिष्ठ जी महाराज ने भरत भैया को राजगद्दी सौपना चाहते हैं लेकिन भरत भैया गद्दी ले नहीं रहे विचार करिए जो अयोध्या का वैभव संपत्ति समाज भरत जी को दिया जा रहा था उसे भरत जी ठुकरा दिए भरत जी ने कहा अगर मेरा जीवन धन है तो वह राम है इस अयोध्या के धन को लेकर क्या करूंगा मुझे तो केवल रामधन चाहिए और रामधन लेने के लिए ही भरत जी चित्रकूट गए और चित्रकूट में भगवान की चरण पादुका को सिर पर रखकर. अयोध्या के राजगद्दी में उसे स्थापित की और 14 वर्ष तक भरत जी ने दिव्य तपस्या किया यह है भाई-भाई का प्रेम जीवन में कभी भाई-भाई के प्रेम में कमी आए तो उन सभी भाइयों से निवेदन है कि एक बार भरत चरित्र जरूर पढ़ें कथा को श्रवण कर परम पूज्य श्री नरसिंह दास जी महाराज एवं गांव के समस्त छेत्रिय भक्त भरत चरित्र में डूब कर भाव विभोर हो गए।

## संपादक की कलम से

# शिक्षा, संस्कार और साक्षरता राष्ट्रीय विकास के मुख्य आधार स्तंभ

शिक्षा और संस्कार किसी भी विकसित राष्ट्र की पृष्ठभूमि हो सकते हैं। एक शिक्षित राष्ट्र एक महान राष्ट्र बन सकता है।सुसंस्कृत देश को एक सभ्य शांत और शालीन राष्ट्र माना जाता है जो वैश्विक शांति स्थापना का पक्षधर होने की दिशा में निरंतर प्रगतिशील होता है। भारत देश की गिनती ऐसे ही सभ्य संस्कारी राष्ट्र के रूप में होती है और ऐसी भावना तथा संकल्पनाओं को हमने कई सोपानों में प्रमाणित भी किया है।

सबसे पहले हमें शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को पहचानना होगा। शिक्षा जीवन के महत्व, संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैं। शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प है। जिसके अंतर्गत पढ़ना लिखना समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक है। साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना उसे इसका कोई संबंध नहीं रह जाता है। साक्षरता सदैव रोजगार मूलक स्त्रियों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता है। शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती है। ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा है। सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है।पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में है। ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाए। शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है।जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है। वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण है। महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है।

परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें अनुशासन, सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता है। पुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता है। पर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादाई होती है। यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है, लोकोक्ति सही भी है, शिक्षकों का मार्गदर्शन खेल खेलने से विकसित होने वाले मूल्य जैसे समूह की भावना, निष्पक्षता, ईमानदारी,साहस की भावना को परिष्कृत करती है। ऐसे कई उदाहरण हैं की बिना साक्षरता के व्यक्ति पूर्ण रूप से शिक्षित एवं सुसंस्कृत हो सकता है। अपने समय के महान चिंतक फिलासफर सुकरात ने कहा था कि मैं शिक्षित अथवा ज्ञानी इस अर्थ में हूं,कि मैं कुछ नहीं जानता। शिक्षा व्यक्ति के जीवन में अहंकार,लालच, हिंसा, कटुता आदि को नियंत्रित करने में मदद देती है। पुराण काल में रावण प्रकांड पंडित एवं साक्षर व्यक्ति माना जाता था पर स्त्री के अपहरण में उसका कृत्य अहंकार लालच लिप्सा उसकी साक्षरता को सार्थक नहीं कर पाई। पर आज के संदर्भ में जब आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है, साक्षरता ने शिक्षा की जगह वरीयता प्राप्त करना शुरू कर दिया है। यह माना जाता है जिस व्यक्ति के पास अच्छी नौकरी अच्छा पद और मोटी मोटी तनख्वाह है, उसका समाज ज्यादा ही सम्मान करने लगता है। इन्हीं कारणों से समाज मूल्य तथा संस्कृति के विकास को दरकिनार कर रोजगार मूलक साक्षरता को ही आज वरीयता देता है। और समाज उसे सिर आंखों पर बिठा के रखता है। इससे समाज के दीर्घकालिक सांस्कृतिक मूल्यों का हनन होता है, एवं क्षति भी होती है। और इस प्रक्रिया में साक्षरता पक्ष होने के कारण रोजगार साधन बन जाते हैं। एवं साधनों की परवाह न कर इसकी खुली अवहेलना हो लोग करने लगे हैं ,और इसी कारण शिक्षा के क्षेत्र में नकल, फजीवाड़े,धन देकर नौकरी प्राप्त करना आदि की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। साक्षर तो घोटालेबाज केतन पारेख हर्षद मेहता एवं कुख्यात आतंकवादी ओसामा बिन लादेन भी थे, किंतु इनकी शिक्षा की सार्थकता समाज द्वारा सदैव नापसंद की गई एवं समाज इन्हें हेय दृष्टि से देखने लगा है।

आज के संदर्भ में ऐसी शिक्षा या साक्षरता की आवश्यकता है, जो मानव जीवन में मूल्यों का विकास एवं मूल्यों की प्रतिबद्धता विकसित कर सके। जिससे समाजिक गिरते मूल्यों तथा विरासत की अवहेलना ना हो सके। बिना मूल्यों के बिना संस्कृतिक विचारधारा के साक्षर होना ठीक उसी तरह है जैसे किसी बंदर के हाथ में बंदूक या उस्तरा देना है। हमें आज नैतिक साक्षरता देने की आवश्यकता होगी, जिससे व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास विरासत की रक्षा तथा मानवीय संवेदनाओं का संपुट हो, जो व्यक्ति को एक अच्छा इंसान बना सकें।

# चार लोग

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

गुप्ता जी की बिटिया छब्बीस पार कर चुकी थी। संविधान के हिसाब से वह शादी की उमर से आठ साल आगे चल रही थी। उसे इस बात की कोई दिक्कत नहीं थी। लेकिन समाज में रहने वाले चार लोग इतने समाज सुधारक और जिम्मेदार होते हैं कि अपने घर को चूल्हें पर छोड़कर ऐसी ताका-झांकी करते हैं कि दूसरों के घर को जलने से बचाने में अपना सबसे बड़ा हित समझते हैं। यहीं से पहले कानाफूसी फिर आगे चलकर खुल्लम खुल्ला का ट्रेंड जोर पकड़ लेत है। चार में एक लड़की की ढलती उम्र पर ऐसे-ऐसे कमेंट करेंगे कि उसकी ढलती उम्र अपने साथ सुनामी ला रहा हो। दूसरे उसके आकार-ऊँचाई-लंबाई के साथ-साथ उसके पहनावे पर भद्दी-भद्दी टिप्पणियाँ करते हुए उसे लाज हया का गीता प्रवचन देंगे। तीसरा उसकी नौकरी को लेकर काम करने वाली जगह पर दो-चार के साथ टांका जोड़कर शादी न करने का शोधपरक कारण खोज निकालेंगे। अडवांस किस्म के पड़ोसी तो समाचार पत्र, टी.वी., मोबाइल आदि पर खोज कर-के लिव इन रिलेशन तक पहुँच जाते हैं। इस बहाने वे स्वयं को अपडेटेड पड़ोसी होने का ठप्पा लगवाने में गर्व की अनुभूति करते हैं।

# हम खुद को हर हाल में स्वीकार करें



जीवन का एक बड़ा सच है कि इंसान जिस दिन रोना बंद कर देगा, उसी दिन से वह जीना शुरू कर देगा। थके मन और शिथिल देह के साथ उलझन से घिरे जीवन में यकायक उत्साह का संगीत गूंजने लगे तो समझिए-जीवन की वास्तविक शुरूआत का अवसर आ गया। शुष्क जीवन-व्यवहार के बोझ के नीचे दबा हुआ इंसान थोड़ी-सी मुक्त सांस लेकर आराम महसूस करता है। जीवन की जड़ता उत्साह में बदल जाती है। स्वार्थ एवं भावशून्य मन से जीवन जीने वाले लोग मानव-जीवन में उदासीनता भरते हैं। उत्साहमय मन, परोपकारी जीवन से और सारग्रही बुद्धि से यदि जीवन जीया जाएं तो ही जीवन में प्रसन्नता और नई आशा का संचार करेंगे।

सम्यक दिशा दिखाने वाले को मार्गदर्शक कहा जाता है, जीवन को कहां बांधना चाहिए, कौन-सी दिशा में मानव की गति होनी चाहिए वगैरह बातों का सुंदर सूचन ही जीवन को अर्थपूर्ण बनाता है। संकट में होशमंद रहने और हर मुसीबत के बाद उठ खड़े होने का जज्बा विशुद्ध भरतीय है और यही सुखी, प्रसन्न एवं सार्थक जीवन है। बहुत आसान है यह कह देना कि खुश रहना तो हम पर निर्भर करता है। यह एक चुनाव है। पर कई दफा इतने तनाव, अभाव, बीमारियां और चुनौतियां घेरे रखते हैं कि खुश रह पाना कठिन हो जाता है। ब्लॉगर लोरी डेशने कहती हैं, "खुशी के लिए एक नहीं, कई चुनाव करने पड़ते हैं। चुनाव ये कि, हम खुद को हर हाल में स्वीकार करें, कि अपनी जिम्मेदारियां उठाएं और सबसे जरूरी कि कठिन घड़ियों में भी हिम्मत बनाए रखें। हम जहां हैं और जहां पहुंचना चाहते हैं, अकसर इस बीच की दूरी लंबी और रास्ता कठिन ही होता है। कई बार तो कदम-कदम पर निराशा से ही मुलाकात होती है। लगने लगता है कि जो छोटा सा काम आज कर रहे हैं, उसके जरिए तो वहां तक पहुंचना नामुमकिन है। नतीजा, हम जो कर सकते हैं, वह भी नहीं करते। मशहूर एंकर ओप्रा विन्फ्रे कहती हैं, "जब तक वो नहीं कर सकते, जो करना चाहते हैं, तब तक हम वो जरूर करें जो किया जाना जरूरी है।"

इंसान की सारी रचनात्मकता इस जीवन-भाव की तलाश ही है। यदि भीतर का यह सकारात्मक भाव न होता तो जीवन बेहद एकरस उबाऊ और मशीनी होकर रह जाता। मोजार्ट और बीथोवेन का संगीत हो, अजंता के चित्र हों, वाल्ट व्हिटमैन की कविता हो, कालिदास की भव्य कल्पनाएं हों, प्रसाद का उदात्त भाव-जगत हो... सबमें एक जीवन घटित हो रहा है। एक पल को कल्पना करिए कि ये सब न होते, रंगों-रेखाओं, शब्दों-ध्वनियों का समय और सभ्यता के विस्तार में फैला इतना विशाल चंदोवा न होता, तो हम किस तरह के लोग होते! कितने मशीनी, थके और ऊबे हुए लोग! अपने खोए हुए जीवन-भाव को तलाशने की प्रक्रिया में मानव-जाति ने जो कुछ रचा है, उसी में उसका भविष्य है। मनुष्य में जो कुछ उदात्त है, सुंदर है, सार्थक और रचनामय है, वह सब जीवन है। यदि आप उगती भोर को देखकर अपने अंतर में एक पवित्रता-बोध महसूस करते हैं, नदियों का प्रवाह आपके भीतर यात्राएं जगा जाता है और खिलते हुए फूलों, बारिश में भीगते हरित-पत्रों की सिहरन में जीवन-राग गूंजता हुआ सुनते हैं, तो आपमें यह जीवन-भाव बसा हुआ है। यह कब, कहां, कैसे जाग उठेगा कहा नहीं जा सकता। पर इसके जागने के बाद जीवन के नए आयाम खुलने लगते हैं, नई दिशाएं बुलाने लगती हैं।

यह बड़ा सत्य है कि स्वार्थी एवं संकीर्ण समाज कभी सुखी नहीं बन सकता। इसलिए दूसरों का हित चिंतन करना भी आवश्यक होता है और उदार दृष्टिकोण भी जरूरी है। इसके लिए चेतना को बहुत उन्नत बनाना होता है। अपने हित के लिए तो चेतना स्वतः जागरूक बन जाती है, किन्तु दूसरों के हित चिंतन के लिए चेतना को उन्नत और प्रशस्त बनाना पड़ता है। लेकिन ऐसा नहीं होता। इसका कारण है मनुष्य की स्वार्थ चेतना। स्वार्थ की भावना बड़ी तीव्र गति से संक्रान्त होती है और जब संक्रान्त होती है तो समाज में भ्रष्टाचार, गैरजिम्मेदारी एवं लापरवाही बढ़ती है। हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का अधिकार है। संसार में किसी के लिए भेदभाव नहीं है। जिस प्रगति में सहजता होती है, उसका परिणाम सुखद होता है। किसी को गिराकर या काटकर आगे बढ़ने का विचार कभी सुखद नहीं होता, काटने का प्रयास करने वाला स्वयं कट जाता है।

प्रगतिशील समाज के लिये प्रतिस्पर्धा अच्छी बात है, लेकिन जब प्रतिस्पर्धा के साथ ईर्ष्या जुड़ जाती है तो वह अनर्थ का कारण बन जाती है। संस्कृत कोश में भी ईर्ष्या और प्रतिस्पर्धा में थोड़ा भेद किया गया है, पर वर्तमान जीवन में प्रतिस्पर्धा ईर्ष्या का पर्यायवाची बन गई है। उसके पीछे विभिन्न भाषाओं में होने वाला गलाकाट विशेषण का प्रयोग इसी तथ्य की ओर संकेत करता है। ईर्ष्यालु मनुष्य में सुख का भाव दुर्बल होता है। उसकी इस वृत्ति के कारण वह निरंतर मानसिक तनाव में जीता है। उसके संकीर्ण विचार और व्यवहार से पारिवारिक और सामाजिक जीवन में टकराव और बिखराव की समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। आचार्य श्री तुलसी ने ईर्ष्या को असाध्य मानसिक व्याधि के रूप में प्ररूपित किया है, जिसका किसी भी मंत्र-तंत्र, जड़ी-बूटी व औषधि से चिकित्सा संभव नहीं है। ईर्ष्यालु मनुष्य स्वयं तो जलता ही है, दूसरों को जलाने का प्रयास भी करता है। स्वामी रामतीर्थ ने ब्लैकबोर्ड पर एक लकीर खींची तथा कक्षा में उपस्थित छात्रों से बिना स्पर्श किए उसे छोटी करने का निर्देश दिया अधिकतर विद्यार्थी उस निर्देश का मर्म नहीं समझ सके। एक विद्यार्थी की बुद्धि प्रखर थी। उसने तत्काल खड़े होकर उस लकीर के पास एक बड़ी लकीर खींच दी। स्वामी रामतीर्थ बहुत प्रसन्न हुए। उनके प्रश्न का सही समाधान हो गया। दूसरी लकीर अपने आप छोटी हो गई। उन्होंने उस विद्यार्थी की पीठ थपथपायी और उसे आशीर्वाद दिया। रहस्य समझाते हुए उन्होंने कहा-अपनी योग्यता और सकारात्मक सोच से विकास करते हुए बड़ा बनना चाहिए। किसी को काटकर आगे बढ़ने का विचार अनुचित और घातक है।

तरक्की की यात्रा अकेले नहीं हो सकती। जरूरी है कि आप अपने साथ दूसरों को भी आगे ले जाएं। उनके जीवन पर अच्छा असर डालें। इसके लिए बहुत कुछ करने की जरूरत नहीं होती। कितनी ही बार आपकी एक हंसी, एक हामी, छोटी सी मदद दूसरे का दिन अच्छा बना देती है। अमेरिकी लेखिका माया एंजेलो कहती हैं,"जब हम खुशी से देते हैं और प्रसाद की तरह लेते हैं तो सब कुछ वरदान ही है।" सामुदायिक चेतना और सकारात्मकता का विकास हो, सबका प्रशस्त चिंतन हो, स्वयं और समाज के संदर्भ में तब कहीं जाकर समाज का वास्तविक विकास होता है। आज राष्ट्र का और पूरे विश्व का निरीक्षण करें, स्थिति पर दृष्टिपात करें तो साफ पता चल जाएगा कि लोगों में स्वार्थ की भावना बलवती हो रही है। प्रेषकः


**(ललित गर्ग)**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**


# सभी 'जाने वालों' से कांग्रेस को परेशान नहीं होना चाहिए

**- जगदीश रत्तनानी**

इस पृष्ठभूमि में देवड़ा को इस बदलाव के लिए दोष देने या श्रेय देने की आवश्यकता नहीं है। कांग्रेस को 'व्यवसाय विरोधी' बताते हुए पार्टी पर उनके नए हमले समझ में आते हैं। भले ही ये आरोप उनके चुनाव और शिवसेना के शिंदे गुट को वित्त पोषित करने के लिए बड़ा व्यवसाय ला सकते हैं। हालांकि वर्तमान संदर्भ में यह देखना मुश्किल है कि यह दृष्टिकोण उन्हें वोट कैसे दिलाएगा। मुरली देवड़ा की तरह मिलिंद देवड़ा खुद उद्योगपति-व्यापारी हैं।

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री मिलिंद देवड़ा के कांग्रेस पार्टी छोड़ने को लेकर काफी राजनीतिक शोर मचा हुआ है। एकनाथ शिंदे के नाम पर बनी शिवसेना शिंदे गुट में देवड़ा शामिल हो गए हैं। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली मूल पार्टी से अलग होकर शिंदे भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने हैं। देवड़ा का बाहर निकलना काफी हद तक एक गैर महत्वपूर्ण घटना है और शायद उनका यह कदम दक्षिण मुंबई के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए पार्टी टिकट न पाने की हताशा से प्रभावित है। देवड़ा के दिवंगत पिता मुरली देवड़ा इस सीट का प्रतिनिधित्व करते थे। उसके बाद उनके बेटे को ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से दो बार हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस के साथ गठबंधन में जाने पर ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना 2024 के चुनाव में उस सीट पर दावा करेगी। ऐसी स्थिति में देवड़ा के पास कुछ भी नहीं बचेगा। इस लिहाज से मिलिंद देवड़ा का जाना समझ में आता है। यह एक तरह से अपना अस्तित्व बचाने की रणनीति का हिस्सा है जो प्रासंगिक और राजनीतिक क्षेत्र में बने रहने तथा परिवार की विरासत को जीवित रखने का अंतिम प्रयास है।

इस पृष्ठभूमि में देवड़ा को इस बदलाव के लिए दोष देने या श्रेय देने की आवश्यकता नहीं है। कांग्रेस को 'व्यवसाय विरोधी' बताते हुए पार्टी पर उनके नए हमले समझ में आते हैं। भले ही ये आरोप उनके चुनाव और शिवसेना के शिंदे गुट को वित्त पोषित करने के लिए बड़ा व्यवसाय ला सकते हैं। हालांकि वर्तमान संदर्भ में यह देखना मुश्किल है कि यह दृष्टिकोण उन्हें वोट कैसे दिलाएगा। मुरली देवड़ा की तरह मिलिंद देवड़ा खुद उद्योगपति-व्यापारी हैं। ये लोग चुनिंदा व्यापारिक परिवारों के करीबी रहे हैं और अतीत में कांग्रेस के लिए सेलिब्रिटी फंड जुटाने वालों के रूप में जाने जाते हैं। मुरली देवड़ा द्वारा मंच पर लाए गए हीरा व्यापारी पार्टी के लिए चेक देने और तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के साथ फोटो खिंचवाने के लिए लाइन में खड़े होते थे। मनमोहन सिंह सरकार में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री रहे मुरली देवड़ा रिलायंस समूह के अध्यक्ष मुकेश अंबानी के करीबी और निजी मित्र थे, जिन्होंने हितों के टकराव के मुद्दों को उठाया था, जिसे मुकेश के भाई अनिल अंबानी ने उठाया था।

कांग्रेस ने तब देवड़ा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, मनमोहन सिंह ने शासन के स्पष्ट, आमने-सामने के मुद्दों को नजरअंदाज कर दिया था। मुकेश अंबानी (और उदय कोटक ने अलग से) ने 2019 के चुनावों के दौरान मिलिंद देवड़ा का समर्थन किया। वैसे देवड़ा यह चुनाव हार गए थे। खुला समर्थन इस मायने में विचित्र था कि इससे वोटों में वृद्धि होने की संभावना नहीं थी लेकिन इससे यह पता चला कि ऐसे राजनीति के बैकरूम में खेलना पसंद करने वाले व्यापारिक नेता मिलिंद देवड़ा को खुला समर्थन के लिए तैयार थे। यह तब की बात है जब वे कांग्रेस में थे और एक समय यह है जब भाजपा सबसे अच्छी तरह से वित्त पोषित पार्टी है और नई दिल्ली और महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ है।

15 जनवरी को देवड़ा का पार्टी छोड़ने का फैसला इस लिहाज से लिया गया था ताकि यह दशार्या जा सके कि इससे राहुल गांधी द्वारा मणिपुर में शुरू किए गए वॉकेथॉन को कमजोर कर सके। यह एक तरह से 2024 के चुनाव के करीब आने के साथ ही किए जा रहे षड्यंत्र के दयनीय पक्ष को दशार्ता है। फिर भी देवड़ा के कांग्रेस के बाहर निकलने में भी एक बड़ा संदेश है जो पार्टी को मजबूत करने में मदद करेगा क्योंकि यह पार्टी को बताता है कि भारत जोड़ो (एकता) और न्याय (न्याय) के अपने मार्ग पर लोगों के पुनर्निर्माण और फिर से जुड़ने के लिए वास्तव में उसे किस पर निर्भर रहना चाहिए। यह देश भर में राहुल गांधी की चुनाव-पूर्व यात्रा का प्रमुख पाठ है। किसी भी राजनीतिक पार्टी और विशेष रूप से कांग्रेस, जिसने सफलता देखी है और लंबे समय तक सत्ता में रही है, के जोखिमों में से एक यह है कि यह उन सभी प्रकार के कार्यकताओं को आकर्षित और आत्मसात करता है जो नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए वर्षों से बढ़ते हैं। भाजपा को भी यही नुकसान उठाना पड़ रहा है। उनमें से कुछ अवसरवादी, हां में हां भरने वाले और कुछ ऐसे मित्र होंगे जिनकी वैचारिक प्रतिबद्धता, मूल्यों का सम्मान करना या आम लोगों की आकांक्षाओं की समझ से कोई लेना-देना नहीं है। वे शक्तिशाली धनकुबेर अच्छी तरह से जुड़े नेटवर्कर या संकीर्ण हितों वाले लॉबिस्ट हो सकते हैं जो राजनीतिक अभयारण्य या एक राजनीतिक दल की विशालता में अपनी तरक्की के लिए एक आसान सीढ़ी की तलाश कर रहे होते हैं। उस समय तक जब तक कि पार्टी के पास सत्ता है और वे (धनकुबेर) अपने सदस्यों के राजनीतिक भाग्य को निर्धारित करने में सक्षम है। सत्ता के बिना तथा भविष्य के चुनावों के लिए धन जुटाने की क्षमता के बिना खिलाड़ियों का यह दल जल्दी से असहज हो जाता और बाहर निकलना शुरू कर देता है।

हाल के दिनों में कांग्रेस के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। यह कुछ पहलुओं में पार्टी की कमजोरी और कुछ अन्य में इसकी ताकत को दशार्ता है। कमजोरी यह है कि पार्टी इन खिलाड़ियों को पार्टी में बनाए रखने की अनुमति देती है, यहां तक कि उन्हें राजनीतिक संगठन के भीतर महत्वपूर्ण स्थान भी देती है जिसका उपयोग ये छद्म लोग अपने पैर जमाने, अपनी पकड़ मजबूत करने, अपने प्रभाव का विस्तार करने और एक नकली मुखौटे के साथ स्वीकृति प्राप्त करने के लिए करते हैं जो व्यक्ति की असलियत छिपाने के लिए पहना जाता है। कांग्रेस इनमें से कुछ दरबारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए अनिच्छुक रही है। इसके कई जटिल कारण हैं, जिनमें से कम से कम यह नहीं है कि पार्टी खुद भ्रष्टाचार के लिए जानी जाती है और अब इसे बहुत कम छूट मिली हुई है क्योंकि यह वैसे भी सत्ता में नहीं है और प्रभाव डालने की स्थिति में नहीं है।

फिर भी, कांग्रेस अपने स्वर्णिम दिनों में भी इन अवांछित व्यक्तियों को निकालने में धीमी गति से काम करती रही है। इस मामले में भाजपा चौकस, तत्पर और बहुत स्पष्ट रही है- आप पार्टी के लिए काम करते हैं और यह न समझें कि पार्टी आपके लिए काम करती है। कुछ लोग यह तर्क देंगे जो कि गलत नहीं होगा कि भाजपा में आप एक व्यक्ति के लिए काम करते हैं और भले ही वह आलोचना सही हो, लेकिन नई ऊर्जा के साथ नए चेहरों को लाने के भाजपा के प्रयास को हल्के में नहीं लिया जा सकता।

कांग्रेस को पता होगा कि पार्टी के भीतर लोकतंत्र के लिए लोगों की बात सुनना महत्वपूर्ण है लेकिन मांगों और धमकियों से भयभीत नहीं होना चाहिए। उदाहरण के लिए, देवड़ा के बारे में कहा जाता है कि वे 2024 के चुनावों के लिए अपना टिकट खोने की आशंका के कारण जयराम रमेश के माध्यम से कांग्रेस में अपनी पैरवी करा रहे थे। उन्होंने राहुल गांधी से जुड़ने की कोशिश की।

लेकिन अगर देवड़ा को टिकट न देना और ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से दो बार के विजेता को टिकट देना कांग्रेस और बड़े विपक्ष के हित में है, तो आखिर किया क्या जाना चाहिए? जवाब बहुत स्पष्ट है- देवड़ा को पार्टी के लिए रास्ता बनाना चाहिए और भाजपा-विरोधी ताकतों के लिए काम करना चाहिए। यहां भी उनकी क्षमता की उतनी ही परीक्षा होती जितनी अगर उन्हें टिकट मिलती तो पार्टी उम्मीदवार के तौर पर होती।

# कोचिंग केंद्रों की नकेल कसने सख़्त दिशा निर्देश 2024 जारी

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर शिक्षा मानव संसाधन का विकास करने का महत्वपूर्ण अस्त्र है। शिक्षा के बल पर ही हम आधुनिक प्रौद्योगिकी,कोरोना महामारी से लड़ने व अनेक प्राकृतिक विपत्तियों से मुकाबला करने में सक्षम हुए हैं। किसी भी देश को विकसित देश की श्रेणी में पहुंचाने में शिक्षा का महत्वपूर्ण रोल होता है, बशर्ते कि उसे एक सही दिशा दी जाए। एक जमाना था जब शिक्षा निस्वार्थ रूप से प्रदान की जाती थी, उस समय ट्यूशन व कोचिंग क्लासेस का नामोनिशान नहीं था। क्लास में 100 फीसदी उपस्थिति दर्ज होती थी, परंतु समय का चक्र ऐसा चला कि कोचिंग क्लासेस की बाढ़ आ गई। एक-एक शहर में सैकड़ो कोचिंग सेंटर खुलते चले गए,स्कूलों कॉलेजों में उपस्थिति कम होती गई। आज स्थिति ऐसी है कि शिक्षा ग्रहण करने के लिए कोचिंग केंद्र एक अनिवार्य हिस्सा बन गया है,यहीं से कुछ अव्यवस्थाओं का दौर शुरू हुआ जिसका परिणाम बच्चों की आत्महत्या, मनमानी फीस, टॉर्चर, पेपर लीक सहित अनेक अनियमितताओं का दौर शुरू हो गया जिसका परिणाम दिनांक 18 जनवरी 2024 को देर शाम जारी कोचिंग केन्द्रों के पंजीकरण एवं विनियमन हेतु दिशा निर्देश 2024 जारी हुआ, जिसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने देश में कोचिंग प्रणाली को लेकर बड़ा फैसला लिया है। मंत्रालय ने कोचिंग संस्थाओं के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं। दिशा निदेर्शों में कई अहम बातें कही गई हैं, जिनमें कोचिंग सेंटर में 16 वर्ष से कम उम्र के छात्रों का नामांकन नहीं करना, संस्थाओं द्वारा भ्रामक वादे नहीं करना और रैंक या अच्छे अंक की गारंटी नहीं देना शामिल है।वैसे शिक्षा क्षेत्र में केंद्र व राज्यों द्वारा अनेक नियम अधिनियम पहले से ही जारी किए गए हैं जैसे राजस्थान सरकार ने कोचिंग संस्थानों में छात्रों के तनाव को कम करने और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए 27 सितंबर 2023 को दिशा निर्देश जारी किए थे। वहीं, राज्य की विधानसभा में कोचिंग संस्थान (नियंत्रण औरविनियमन) विधेयक, 2023 भी लाया जा चुका है। इससे पहले मणिपुर (2017), बिहार (2010), उत्तर प्रदेश (2002), गोवा (2001) और कर्नाटक (2001, 1995 और 1983) में कोचिंग को विनियमित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। वैसे तो शिक्षा में सुधारो के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को भी लागू कर दिया गया है,परंतु फिर भी अनेक अनियमितताएं रह गई थी इसलिए केंद्र सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा उपरोक्त दिशा निर्देश जारी किए गए जिसे सख़्ती से लागू किए जाने का पूरा अंदेशा है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों को सख़्ती से लागू होने पर कोचिंग केन्द्रों की नकेल कसना तय है।

साथियों बात अगर हम दिशा निर्देश 2024 में अनिवार्य पंजीकरण की करें तो,दिशा निदेर्शों में सबसे पहले कोचिंग केंद्रों के पंजीकरण को लेकर निर्देश हैं। इनमें से कुछ अहम हैं, जैसे-कोई व्यक्ति कोचिंग केंद्र के पंजीकरण कराने के बाद ही कोचिंग प्रदान करेगा या कोचिंग केंद्र स्थापित, संचालित या प्रबंधित करेगा या उसका रख-रखाव करेगा।तीन महीने की अवधि के भीतर पंजीकरण के लिए आवेदन करना होगा। पंजीकरण की समाप्ति की तारीख से दो महीने पहले पंजीकृत कोचिंग केंद्र को पंजीकरण प्रमाण-पत्र के नवीनीकरण के लिए आवेदन करना होगा। सरकार कोचिंग केंद्र के पंजीकरण को सुविधाजनक बनाने के लिए एक वेब पोर्टल बनाएगी।सरकार ने अपने दिशानिदेर्शों में किसी भी कोचिंग केंद्र के पंजीकरण को लेकर खास शर्तें रखी हैं। जैसे-कोई भी कोचिंग केंद्र स्नातक से कम योग्यता प्राप्त ट्यूटर्स को नियुक्त नहीं करेगा।अभिभावकों या छात्रों को कोचिंग केंद्र में नामांकन कराने के लिए भ्रामक वादे या रैंक अथवा अच्छे अंकी की गारंटी नहीं देगा। 16 वर्ष से कम आयु के छात्र का नामांकन नहीं करेगा या छात्र का नामांकन माध्यमिक स्कूल परीक्षा के बाद ही किया जाना चाहिए। कोचिंग की गुणवता, सुविधाओं और छात्रों के नतीजों से जुड़े किसी भी दावे से संबंधित कोई भी भ्रामक विज्ञापन नहीं किया जाएगा।ऐसे किसी भी ट्यूटर या व्यक्ति की सेवाएं नहीं लेगा, जिसे किसी भी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया हो।

# चित्रकूट संदेश

## 22 को निकलेगी भव्य-दिव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव यात्रा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कामतानाथ प्रमुख द्वार के महंत मदनगोपाल दास व श्रीरामचरितमानस हस्ताक्षर अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष/जय बजरंग सेना के नितिन उपाध्याय तथा राष्ट्रीय प्रभारी श्रीमती अर्चना उपाध्याय ने पत्रकारों से कहा कि 22 जनवरी को श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव यात्रा भव्य ढंग से निकाली जायेगी।


पत्रकारों से बात करते यात्रा के संयोजक।

शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव यात्रा श्रीराम धनुष चैक कर्वी से बेडीपुलिया, रामघाट, श्रीकामतानाथ मन्दिर प्रमुख द्वार, जानकीकुण्ड, स्फटिक शिला, अनुसुइया धाम होते हुए गुप्त गोदावरी पहुंचेगी। यात्रा में दिव्य झांकी, पूजन-अर्चन, जयघोष, श्रीरामनाम संकीर्तन, पुष्प वर्षा, लोकवादन, मंगलगान, आतिशबाजी, दीपोत्सव होगा। यात्रा में शामिल व न शामिल लोगों को भी मुंह मीठा कराया जायेगा।

उन्होंने कहा कि ये यात्रा निकालने का सौभाग्य पांच सौ साल बाद मिला है। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को धूमधाम से मनाने की भव्य तैयारियां की जा रही हैं। इस मौके पर श्रीरामचरितमानस हस्ताक्षर अभियान के राष्ट्रीय प्रवक्ता/श्रीकामदगिरि पीठम कामतानाथ मन्दिर प्रमुख द्वार के महोत्सव संयोजक अर्चन भी मौजूद रहे।

## पाक्सो एक्ट वांछित दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक रुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में चैकी प्रभारी खंडेहा विनय विक्रम सिंह ने छेडछाड व जान से मारने की धमकी व पॉक्सो एक्ट के वांछित राहुल अग्रहरी पुत्र भोला प्रसाद निवासी उफरौली को गिरफ्तार किया। टीम में चैकी प्रभारी खंडेहा विनय विक्रम सिंह, सिपाही संदीप कुमार शामिल रहे।

## भरतकूप-लैनाबाबा में दीपोत्सव, चहुंओर राम की जय- जयकार

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 22 जनवरी तक 22 स्थानों पर दीपोत्सव की कड़ी में भरतकूप व लैनाबाबा में अब तक 15 स्थानों पर दीपोत्सव, पूजन- कीर्तन हुए। धर्मनगरी में चहुंओर प्रभु श्रीराम की जय-जयकार है।शनिवार को मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर ट्रस्ट कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीपदास महराज व बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने रामशैय्या, बूडे हनुमान मंदिर, सूरजकुण्ड, सती अनुसुइया, स्फटिकशिला, तोतामुखी हनुमान, पर्णकुटी, यज्ञवेदी मंदिर, सुतीक्ष्ण मुनि आश्रम, सरभंगा, पम्पापुर, कोटितीर्थ, देवांगना, भरतकूप व लैनाबाबा समेत 15 जगहों पर दीपोत्सव, पूजन-कीर्तन किया है। 22 जनवरी को भव्य मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर में कार्यक्रम होगा। मंदिर के पुजारी विपिन बिहारी महराज ने बताया कि 22 को सुबह से ही पूजन-कीर्तन, अनुष्ठान शुरू होंगे। शयन आरती तक राजाधिराज मंदिर में राममय माहौल रहेगा। बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने लोगों से 22 जनवरी को घरों प्रतिष्ठानों, मठ-मंदिरों को दीपों से सजाने व कीर्तन की अपील की है। इस मौके पर महंत लवकुश दास, नारायण दास, प्रदीप द्विवेदी, अखिलेश त्रिपाठी, हरिशरण सिंह पटेल, पुष्पराज विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## एसीएमओ के घर से पांच लाख की चोरी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के घर से चोरों ने नकदी व जेवरात समेत पांच लाख से अधिक का माल उडा ले गये। ड्यूटी से लौटे डॉक्टर ने अंदर कमरों का ताला टूटा देखा तो पुलिस को सूचना दी। मामले मे सीतापुर चैकी में तहरीर दी है।महोबा में तैनात अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रमाकांत चैरिहा के राघवपुरी मोहल्ले के घर में गुरुवार की रात चोर छत में लगे जाल को काटकर घुस गए।

अंदर से दरवाजा बंद कर लिया था। चोरी के बाद चोर दूसरे रास्ते से निकल गए। डॉक्टर के घर आने पर दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों को जानकारी दी। ऊपर जाने पर घर के अंदर लगा जाल कटा मिला। डॉक्टर किसी तरह से दरवाजा खोल कर अंदर गए तो जेवरात, चांदी के 20 सिक्के समेत अन्य सामग्री पचास हजार रुपये गायब मिले। उन्होंने बताया कि चोर पांच लाख से अधिक का माल ले गये हैं। वह कई साल तक चित्रकूट में तैनात रहे हैं। चैकी इंचार्ज श्याम देव सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## 28 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में चैकी प्रभारी खोही परिक्रमा मार्ग प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने जवाहरलाल उर्फ छोटू पुत्र स्व भुलइया निवासी चैगलिया सीतापुर को 28 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी खोही परिक्रमा मार्ग प्रवीण कुमार सिंह व सिपाही आशीष कुमार सिंह शामिल रहे।

## 22 के ऐतिहासिक क्षण को अद्भुद बनाने को शानू ने की अपील

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम के भव्य प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर चित्रकूटधाम समेत पूरे भारत में भारी हर्षोल्लास है। भगवान श्रीराम की कर्मस्थली में समाजसेवी शानू गुप्ता ने 22 जनवरी को श्रीराम उत्सव को लेकर सेवा बस्तियों व व्यापारियों को पीले चावल पत्रक व पांच-पांच मिट्टी के दिया-बाती देकर आमंत्रित किया।


लोगों से अपील करते शानू गुप्ता।

शनिवार को समाजसेवी शानू गुप्ता ने कहा कि 22 जनवरी को पूरे चित्रकूट धाम समेत देश के प्रत्येक घर में कम से कम पांच दीपक भगवान श्रीराम को समर्पित कर जलायें। पुष्पों से घरों व आस-पड़ोस के मठ-मंदिरों को सजायें। गुप्ता ने कहा कि भगवान श्रीराम चित्रकूट अयोध्या धाम समेत पूरे भारत व पूरी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं। श्रीराम का सूर्य पताका पूरी दुनिया में लहरा रहा है। 22 को अयोध्या धाम में भव्य अभिषेक व प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भारत समेत दुनिया में उत्साह है। थाईलैंड, अमेरिका, आस्ट्रेलिया, फ्रांस, जापान समेत सभी देशों में भगवान श्रीराम का उत्सव मनाया जा रहा है।

समाजसेवी शानू गुप्ता ने कहा कि जिस तरह से श्रीराम भक्तों ने 22 को अयोध्या धाम में आकर्षक, अद्भुत पूजन सामग्रियों से लेकर अन्य वस्तुयें श्रीराम को आस्था भाव से भेंट कर रहे हैं, इसे देखकर लोगों में प्रसन्नता है। कलयुग में 22 का ये क्षण सबसे प्रभावशाली व महत्वपूर्ण होगा। प्रत्येक मानव के लिए श्रीराम मन्दिर स्थापना ऐतिहासिक व सौभाग्यशाली क्षण है। जिसे लोग अनंत काल तक याद रखेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के सबसे सौभाग्यशाली है, ऐतिहासिक क्षण के साक्षी सभी लोग होंगे।

## कड़ाके की सर्दी से लुढ़का पारा, छूटी कंपकंपी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कड़ाके की सर्दी व शीतलहर ने जनमानस को कंपकंपा रखा है। सूर्य देव की लुकाछिपी के बीच ठिठुरन कम होने का नाम नहीं ले रही।

शनिवार को न्यूनतम तापमान साढ़े पांच व अधितकतम 13 डिग्री रिकार्ड हुआ। न्यूनतम तापमान शुक्रवार के मुकाबले दो डिग्री कम व अधिकतम इतना ही रहा। एक सप्ताह से शीतलहर ने जनमानस को झकझोर रखा है। सवेरे कोहरा की धुंध व दोपहर बाद वाली हल्की धूप के बाद कंपकंपाने वाली ठिठुरन कम होने का नाम नहीं ले रही। सर्दी से निजात को सवेरे से ही सूर्यदेव की ओर निहार कर लोग आस लगाने लगते हैं। दोपहर में कभी एक तो कभी दो बजे हल्के सूर्य के दर्शन होने के बाद भी गलन कम नहीं होती।

शनिवार को दोपहर 12 बजे हल्की धूप नजर आई। मौसम विभाग के अनुसार 24 जनवरी तक और तापमान गिरने की आशंका है। न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।

## समस्या ग्रस्त को करें हर हाल में संतुष्टः डीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस राजापुर तहसील सभागार में हुआ।

शनिवार को जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में आई समस्याओं का निस्तारण रजिस्टर देखा। निस्तारण आख्या को देखकर निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण हो रहा है, समस्या ग्रस्त को निस्तारण की बाबत बतायें, ताकि समस्या ग्रस्त व्यक्ति समस्या निस्तारण से संतुष्ट हो सके।

उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन से निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण करें। शासन की मंशानुसार


समस्या सुनते डीएम-एसपी।

गुणवत्ता से निस्तारण कराया जाये। जिन-जिन विभागों की आज समस्यायें मिली हैं, मौके पर जाकर निस्तारण करायें। उन्होंने एसडीएम व थाना प्रभारियों से कहा कि भूमि संबंधी मामले में राजस्व, चकबंदी व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण करायें। शासन के कडे निर्देश है कि जमीनी मामलों को तत्काल निस्तारित करें। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं बाबत मामलों का तत्काल निस्तारण करायें।

डीएम-एसपी ने तहसील परिसर के प्रवेश द्वार का फीता काटकर लोकार्पण किया। डीएम-एसपी ने तहसील परिसर में हवन-पूजन कर सुंदरकांड का पाठ शुरू कराया। डीएम-एसपी ने तहसील परिसर राजापुर में चितवन पौध का रोपण किया। इस मौके पर एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा, प्रशिक्षु एसडीएम आलोक सिंह, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, बन्दोबस्त अधिकारी मनोहर लाल धर्मान, सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय, तहसीलदार राजापुर फूलचंद, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, सीबीओ डॉ सुभाष चंद्र, डीडीए कृषि राजकुमार, डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र, डीआईओएस एसके मिश्रा, बीएसए लव प्रकाश यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## जमीन तय के बाद बढायें प्रोसेसिंगः डीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने जनवरी को एमओयू क्रियान्वयन बैठक में पीओ नेडा को निर्देश दिये कि सोलर प्लांट को पहले जमीन तय कर प्रोसेसिंग आगे बढ़ायें। शनिवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये कि जो इकाइयां कार्य नहीं करना चाहती, उन्हें कैंसिल करायें। एमएसएमई बाबत उपायुक्त उद्योग ने बताया कि 152 इकाइयों में 40 का निस्तारण हो गया है। कुछ इकाइयों में जमीनी विवाद से नहीं हो पा रहा। निस्तारण होते ही कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये कि तहसील में समस्या है तो संबंधित एसडीएम से वार्ता करें। उन्होंने कहा कि जिसका भूमि की धारा 80 हो गया है, जीबीसी मार्क करें। उपायुक्त उद्योग, सीएमओ, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी व माईनिंग को निर्देश दिये कि अपने-अपने विभागों से और इकाइयां बढ़ायें। बैठक में सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर, सीओ यातायात राजकमल, सीएमआ डॉ भूपेश द्विवेदी, उपायुक्त उद्योग एसके केसरवानी, बंदोबस्त अधिकारी मनोहर लाल धर्मन, पोओ नेडा एके श्रीवास्तव, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, सीबीओ डॉ सुभाष चंद्र आदि मौजूद रहे।

## तुमने कोई छूट नहीं दी, मेरा मन करता है- पर्दे फाडने-जलाने का

### भ्रष्टाचारी को बर्खास्त कर डीएम पेश करें नजीर

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सूबे की योगी सरकार के भ्रष्टाचार मामले के जीरो टालरेंस को कलेक्टेज्ट का लिपिक जगदीश पाण्डेय पलीता लगा रहा है। योगी सरकार के कडे निर्देश के बाद भी मस्ती से अनुसूचित जाति की जमीन बैनामा कराने में सामान्य जाति के लोगों से लाखों रुपये बतौर रिश्वत वसूल रहा है। इस पर किसी का कोई अंकुश नहीं है। रिश्वतखोरी का ये खुलासा


लिपिक जगदीश पाण्डेय।

शनिवार को हुआ। बताया गया कि कलेक्टेज्ट के एडीएम के लिपिक जगदीश पाण्डेय के भ्रष्टाचार के सबूत और पुख्ता गवाह भी हैं, तब आखिर इसे किसका वरदहस्त है कि ये भ्रष्टाचार की गंगा बहाये है। किसके इशारे पर दोनों हाथों से दौलत बटोर रहा है। उस पर कोई कार्यवाही क्यों नहीं हो रही- ईमानदार जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द उस पर कार्यवाही क्यों नहीं कर रहे, ये एक बडा सवाल है, जबकि उसके खिलाफ सबूत और पुख्ता गवाह भी हैं।

मप्र के इन्दौर की एक तहसील में सौ रुपये नकल लेने के नाम पर वहां के डीएम आशीष सिंह ने लिपिक रेखा पाटिल को बर्खास्त कर दिया है। यूपी के चित्रकूट में 15 हजार से लाखों रुपये रिश्वत लेने वाले जगदीश पाण्डेय पर कोई कार्यवाही क्यों नहीं हो रही। योगी सरकार के भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस का पालन जिलाधिकारी भी पेशकर प्रदेश में नजीर पेश करें, ताकि सूबे में जिलाधिकारी का नाम हो सके। पंजाबी कवि अवतार सिंह पाश संधू की कविता- मैने टिकट खर्चकर, लोकतंत्र का नाटक देखा है, नाटक हाल में लोकतंत्र पसन्द नहीं आया, मेरा हाय-हाय करने और चिल्लाने, मारने का हक बनता है, तुमने भी टिकट दी है, एक पैसे की छूट नहीं दी, मेरा भी मन करता है पर्दे फाडने और जला देने का, बस यहीं से बात खत्म।

## चोरी की बैटरी के साथ दो चोर गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में कोतवाली कर्वी पुलिस टीम द्वारा 2 आरोपियों को 1 चोरी की बैटरी के साथ गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि बीते गुरूवार को सूचना प्राप्त हुई की आरोपी द्वारा चोरी की बैटरी बेची जा रही है। इस सूचना पर जिला अस्पताल चैकी प्रभारी उप निरीक्षक राहुल सिंह व आरक्षी बहोरन सिंह द्वारा संतोष रैकवार व करन जाटव निवासीगण लक्ष्मणपुरी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चुराई हुई 1 बैटरी बरामद की गयी। चोरी की बैटरी की बरामदगी के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में अभियोग पंजीकृत किया गया।

## बदौसा ने परसौंजा को 54 रन से हराया

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सदर ब्लॉक के पुरवा तरौहां में मां कालिका देवी क्रिकेट टूनामेंट के लीग मैच परसौंजा व बदौसा टीम व दूसरा मैच सूरजकुंड व दादा इलेवन कर्वी के बीच हुआ।

शनिवार को सूरजकुंड स्पोर्टिंग क्लब को हराकर दादा इलेवन कर्वी ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दादा इलेवन कर्वी के फिरोज खान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया। दूसरा मैच बदौसा व परसौंजा के बीच हुआ। मैच की शुरूवात पीडी यादव प्रबंधक रघुबीर होटल ने खिलाड़ियो से परिचय लेकर कराया। पहले बल्लेबाजी करते हुये बदौसा टीम ने 15 ओवर में 135 रन बनाये। बदौसा के राजबहादुर ने 56, बादल ने 23 रन बनाये। परसौंजा के शिवेंद्र ने चार व रोहित ने तीन विकेट लिये। लक्ष्य पाने को परसौंजा टीम ने 81 रन बनाकर आल आउट हुई।


पुरस्कार देते अतिथि।

मुकाबला 54 रन से हार गई। बदौसा के 56 रन व एक विकेट लेने वाले खिलाड़ी राजबहादुर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विशिष्ट अतिथि सुभाष चंद्र मिश्र, मेराज सिद्दीकी, पीडी यादव ने दिया। अंपायर रोहित यादव, अनिल यादव रहे। कॉमेंटेटर इब्रान खान, मनीष, पुनीत त्रिवेदी, रमेश मिश्र रहे। स्कोरर रामकुमार, मनीष कुमार रहे। अस्मित, आदित्य कुमार, शिवम निषाद, विश्वनाथ मिश्रा, ओमशंकर, अजय यादव, गौरव मिश्रा, शरीफ खान, गोपाल मिश्रा, ललित त्रिपाठी, हिमांशु त्रिवेदी, अंकुर त्रिवेदी, कल्लू वर्मा आदि ने सहयोग किया।

## निस्तारण की पीडित को दें जानकारीः आईजी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर ने तहसील सभागार मऊ में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आये फरियादियों की शिकायतें सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। भूमि विवाद के मामलों को राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारण कराने के निर्देश दिये।

शनिवार को अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने थाना मऊ, बरगढ़, रैपुरा में सम्पूर्ण समाधान दिवस के रजिस्टर देखकर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंन कहा कि समाधान दिवस में आने वाले मामलों की समीक्षा


फरियादियों की समस्यायें सुनते आईजी जोन प्रयागराज।

मुख्यमंत्री स्तर पर की जाती है। समस्या निदान में किसी प्रकार की कोताही न बरतें। समस्या समाधान के बाद पीडित को भी जानकारी दें। समस्या निस्तारण में गुणवत्ता में कमी नहीं होनी चाहिए। पीडित को दुबारा शिकायत का मौका नहीं मिलना चाहिए। ऐसे होने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही को बाध्य होंगे।

इस मौके पर एसडीएम मऊ राकेश पाठक, सीओ मऊ जयकरन सिंह, प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्या व राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीएम के निर्देश पर बकायेदारों की सूची तैयार

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर सरकारी बकायेदारों के खिलाफ कार्यवाही की रणनीति बनाई है।


डीएम अभिषेक आनन्द।

शनिवार को डीएम के निर्देश पर इस बाबत तहसील कर्वी में बकायेदारों को चिन्हित किया है। ऐसे बकायेदार जो सरकारी बकाये को जनबूझ कर जमा नहीं कर रहे, उनके खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्यवाही की जाएगी। जरूरत पडने पर राजस्व हवालात में भी बन्द किया जायेगा। इस बाबत डिप्टी कलेक्टर/तहसीलदार अमित कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बकायेदार सरकारी बकाया जमा नही कर रहे। उनकी सूची बना ली गई है। तहसील स्तर पर तीन टीमें गठित की गई हैं। दो टीमों के प्रभारी नायब तहसीलदार होंगे। टीम की सक्रियता से बकायेदार अमीन को बुलाकर बकाया जमा कराने लगे हैं। पिछले दो दिन में ग्यारह लाख बकाया जमा हुआ है। बैंक, खनन, स्टाम्प, व्यापार कर, विद्युत, परिवहन, दुर्घटना क्लेम आदि बकायेदारों की विशेष सूची बनाई है।

## रातों-रात क्यों काटे जा रहे हरे-भरे पेड़

### योगी सरकार के वृक्षारोपण को लगा रहे पलीता

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद ने बीती रात दस बजे नगर पालिका के पीछे बने राजकीय पुस्तकालय मैदान से सागौन व नीम आदि के हरे-भरे पेड़ों पर आरी चलवा दी।

शनिवार को भी हरे-भरे पेडों की कटाई जारी रही। नगर पालिका ने ट्रैक्टरों में भर-भर कर लकडियों को गोपनीय स्थान पर भेजा है। उस स्थान पर न सड़क है और न कोई ऐसा कार्य होना है। रातों-रात हरे पेडों का कटवाना नगर के विकास में सवाल खडा करता है। हरे- भरे पेडो को निर्ममता से कटवाकर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वृक्षारोपण योजना को पालिका के ईओ लालजी यादव पलीता लगा रहे है।


कटे पडे पेड।

सरकार करोड़ों रुपये देकर वृक्षों को तैयार कर रही है। दूसरी ओर हरे पेडों को कटवाया जा रहा है। पेड़ कटवाकर क्या संदेश देना चाहते हैं। वन विभाग के अधिकारी को मामले को संज्ञान में लेना चाहिए। रातों-रात पेड़ किन कारणों से कटवाये गये। किस अधिकारी के आदेश, लिखित या मौखिक पेड़ काटे जा रहे हैं, इस बात का जवाब देने को कोई मौके पर नहीं मिला।

# पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए चुनाव आयोग जारी कर रहा डाक मतपत्र




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए जारी प्रक्रियाओं के बीच निर्वाचन आयोग ने शनिवार से डाक मतपत्र जारी करना शुरू कर दिया। सभी पात्र 22 जनवरी तक डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मतदान की प्रक्रिया पूरी करेंगे। वहीं निर्वाचन आयोग की निगरानी टीम ने चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले प्रत्याशियों से जुमार्ने के रूप में 85,000 पाकिस्तानी रुपये वसूले हैं।

निर्वाचन आयोग ने लाहौर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर चुनाव चिह्न मामले से संबंधित आदेश में अपने विरुद्ध की गई टिप्पणी को हटाने की मांग की है। आयोग की पांच सदस्यीय पीठ ने हाई कोर्ट के 17 जनवरी के आदेश की समीक्षा करने के बाद दीवानी अर्जी दाखिल कराने का निर्णय लिया। वहीं पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) चेयरमैन बिलावल भुट्टो जरदारी ने चुनाव के बाद पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के साथ गठबंधन की संभावना से इनकार किया है। पीपीपी चेयरमैन ने कहा, एक बार मूर्ख बनाया, तुम्हारे ऊपर शर्म। दूसरी बार मुझे मूर्ख बनाया तो मेरे ऊपर शर्म।

मानवाधिकार कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने कहा है कि गुलाम जम्मू-कश्मीर और गिलगित बाल्टिस्तान के लोगों की मांग पांच फरवरी तक पूरी नहीं की गई तो निर्वासित राजनेताओं के पास अपनी सरकार गठित करने के अलावा और कोई उपाय नहीं बचेगा। मिर्जा ने कहा कि बिजली बिल पर करों का बोझ कम करना और क्षेत्र में गेहूं के दाम घटाना पर्याप्त नहीं है। पाकिस्तान क्षेत्र से न केवल अपनी सेना हटाए, बल्कि गुलाम जम्मू-कश्मीर की असेंबली को पूर्ण संप्रभुता दे।

# 22 जनवरी को पशुपतिनाथ मंदिर में होगा 1008 लोगों का सामूहिक शंखनाद



**काठमांडू।** अयोध्या में होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर नेपाल का अधिकांश शहर राममय होता जा रहा है। इसी क्रम में काठमांडू के प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर में कई विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

पशुपतिनाथ क्षेत्र विकास कोष 22 जनवरी को सुबह से लेकर शाम तक विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। कोष के सदस्य सचिव डॉ राजू केसी ने बताया कि 22 जनवरी की सुबह 8 से रात 8 बजे तक अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

पशुपतिनाथ क्षेत्र विकास कोष के मुताबिक 22 जनवरी को सुबह 8 बजे मंदिर परिसर में विशेष रूद्राभिषेक का कार्यक्रम रखा गया है। इसके बाद सुबह 10 बजे से वेद विद्यालय के 108 छात्रों द्वारा स्वस्ति वाचन का पाठ करने का कार्यक्रम रखा गया है। दोपहर 12 बजे से अपराह्न 3 बजे तक बाल्मीकि रामायण का पाठ किए जाने का कार्यक्रम भी है। विश्व हिन्दू परिषद नेपाल की तरफ से पशुपतिनाथ मन्दिर परिसर में 1008 लोगों का सामूहिक शंखनाद का कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम के संयोजक जगन्नाथ सुवेदी ने बताया कि अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा के समय पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में सामूहिक शंखनाद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शंखनाद का प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया है। 22 जनवरी की शाम को पशुपतिनाथ मंदिर के बागमती नदी किनारे विशेष आरती का आयोजन किया गया है। शाम को पूरे पशुपतिनाथ क्षेत्र परिसर में दीप प्रज्ज्वलन किए जाने का कार्यक्रम है।

# अमेरिकी संसद में वेद नंदा की विरासत का सम्मान



**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** भारतीय-अमेरिकी स्तंभकार और 2018 में पद्म भूषण से सम्मानित वेद नंदा की विरासत को सम्मान देते हुए अमेरिकी कांग्रेस ने इस सप्ताह उन्हें एक प्रतिष्ठित शख्सियत और दोनों देशों के बीच एक सेतु बताया। डेनवर पोस्ट के जाने-माने स्तंभकार और डेनवर विश्वविद्यालय में 50 वर्ष तक पढ़ाने वाले प्रोफेसर नंदा का इस महीने 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था।

उन्हें 2004 में सामुदायिक शांति निर्माण के लिए 'गांधी-किंग-इकेदा' पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। सांसद डायना डीगेट ने इस सप्ताह प्रतिनिधि सभा में कहा, "पांच दशक से अधिक समय तक प्रोफेसर नंदा ने डेनवर विश्वविद्यालय और भारतीय प्रवासी समुदाय के छात्रों का उत्थान किया और वह एक प्रतिष्ठित शख्सियत तथा दोनों देशों के बीच सेतु बने।" डेनवर पोस्ट के अनुसार, नंदा ने न्याय और शांति के लिए अथक प्रयास किया। भारत के विभाजन पर 2017 में डेनवर पोस्ट के लिए उनके लिखे लेख शायद ही कोई भूल पाएगा। हिंदू स्वयंसेवक संघ अमेरिका क्षेत्र के पूर्व संघचालक प्रो. वेद नंदा का 01 जनवरी, 2024 को अमेरिका के डेनवर में देहावसान हो गया था। इससे पहले भारत की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 17 जनवरी को कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में श्री विश्व निकेतन एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रो. नंदा की स्मृति में सभा का आयोजन किया। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने स्मृति सभा में पहुंचकर हिंदू स्वयंसेवक संघ अमेरिका क्षेत्र के पूर्व संघचालक प्रो. वेद नंदा जी को श्रद्धांजलि दी।

# ईरान और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों ने की टेलीफोन पर बातचीत, तनाव कम करने पर हुए सहमत

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में आतंकी ठिकानों पर ईरान के हवाई हमलों के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। इसको लेकर पाकिस्तान और ईरान के विदेश मंत्रियों ने शुक्रवार को टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों देश तनाव कम करने और आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में समन्वय को मजबूत करने पर सहमत हुए। साथ ही दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर सैन्य हमलों के बाद पटरी से उतरे संबंधों को सुधारने पर भी चर्चा की और मौजूदा हालात की समीक्षा की। इसके अलावा दोनों देशों के राजदूतों की वापसी पर भी चर्चा हुई है।

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी ने ईरान के अपने समकक्ष हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन से टेलीफोन पर बात की और पारस्परिक विश्वास एवं सहयोग की भावना के तहत ईरान के साथ काम करने की देश की इच्छा जताई है। बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि एक-दूसरे की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान किया जाए। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि आतंकवाद विरोधी अभियान और आपसी चिंता के अन्य मुद्दों पर सहयोग और समन्वय को मजबूत किया जाना चाहिए। दोनों पक्ष तनाव कम करने पर भी सहमत हुए। दोनों ने पड़ोसियों के बीच घनिष्ठ भाईचारे के संबंधों को भी रेखांकित किया। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों ईरान ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान में आतंकी ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था।

# अमेरिका ने तीन हूती एंटी-शिप मिसाइलों को नष्ट किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी (यूएस) सेंट्रल कमांड बलों ने शुक्रवार को तीन हूती एंटी-शिप मिसाइलों के खिलाफ हमले किए। इन तीनों मिसाइलों का लक्ष्य लाल सागर था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड बलों ने तीनों को नष्ट कर दिया।

द यूनियन हेराल्ड ने एक्स हैंडल पर यह जानकारी साझा की है। द यूनियन हेराल्ड के अनुसार, यूएस सेंट्रल कमांड ने 19 जनवरी को लगभग 6:45 बजे (सना (यमन) के समयानुसार) यह हमले किए। रिपोर्ट में कहा गया है कि हूती ने लाल सागर में व्यापारिक जहाजों और अमेरिकी नौसेना के जहाजों के लिए खतरा पैदा कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, लाल सागर में तनाव बढ़ गया है। इस वजह से कई हफ्तों से एशिया और यूरोप के बीच व्यापार धीमा हो गया है। यमन के सबसे अधिक आबादी वाले हिस्से को नियंत्रित करने वाले हूती का कहना है कि उनके हमले गाजा में इजराइल के हमले के तहत फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता में हैं। इससे पहले राष्ट्रपति जो बाइडेन कह चुके हैं कि हूती कि खिलाफ हवाई हमले जारी रहेंगे।

# राम मंदिर उद्घाटन : अयोध्या जाने वाले भक्तों के लिए नेपाल के जनकपुर से विशेष ट्रेन चलाएगा भारत

**काठमांडू।** हिमालयी राष्ट्र के पड़ोसी भारतीय राज्य उत्तर प्रदेश में 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भगवान राम के भक्तों को अयोध्या ले जाने के लिए भारत की ओर से एक विशेष ट्रेन सीता के जन्मस्थान नेपाल के जनकपुर से चलाई जायेगी।

एक अधिकारी ने शनिवार को यहां बताया कि भारत सरकार श्रद्धालुओं को लाने के लिए नेपाल में एक समर्पित ट्रेन भेजेगी, जबकि नेपाल से हजारों लोग पहले ही अयोध्या के लिए रवाना हो चुके हैं। नेपाल भारत के अलावा हिंदू-बहुल देशों में से एक है।

श्रद्धालु जयनगर-जनकपुर रेलवे मार्ग से होकर जाएँगे जो नेपाल और भारत के बीच एकमात्र सीमा पार रेल कनेक्शन है। यह भारत की सहायता से बिछाया गया था।

**भारतीय रेलवे 20 कोच वाली ट्रेन भेजेगा।**

नेपाल रेलवे कंपनी लिमिटेड के महाप्रबंधक निरंजन झा ने कहा, अधिकारियों के अनुसार, विशेष ट्रेन रविवार को जनकपुर से अयोध्या के लिए रवाना होगी।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर नेपाल में श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है।

सोमवार को समारोह में नेपाल से हजारों हिंदू श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।

नेपाल के कई शहरों ने स्थानीय निवासियों से इस दिन को "दीपोत्सव" के साथ मनाने का आग्रह किया है। कुछ शहरों में अधिकारियों ने सोमवार को शराब और गैर-शाकाहार खाद्य पदार्थों की बिक्री पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।

नेपाली विदेश मंत्रालय ने 22 जनवरी के लिए एक समर्पित रेलवे सेवा की व्यवस्था करने के लिए भारतीय दूतावास को अनुरोध भेजा था।

झा ने कहा कि टिकट बुकिंग शनिवार दोपहर को खुल गई। रविवार की सुबह विशेष रेल अयोध्या के लिए रवाना होगी। किराया श्रद्धालुओं द्वारा वहन किया जाएगा।

झा ने बताया कि सेकेंड एसी कोच का किराया तीन हजार नेपाली रुपये (लगभग 1,882 रुपये), थर्ड एसी कोच का किराया दो हजार नेपाली रुपये (लगभग 1255 रुपये) और स्लीपर क्लास का किराया एक हजार नेपाली रुपये (लगभग 627 रुपये) होगा।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के अनुरोध पर ट्रेन का किराया कम कर दिया गया है।

ट्रेन प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद सोमवार रात 11 बजे अयोध्या से वापस आएगी।

इस बीच, जनकपुर में जानकी मंदिर के उत्तराधिकारी महंत राम रोशन दास ने मधेश प्रांत के मुख्यमंत्री सरोज कुमार यादव से राम मंदिर के उद्घाटन के दिन मधेश में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा करने का अनुरोध किया है। महंत राम रोशन ने सोमवार को सार्वजनिक अवकाश की मांग करते हुए मुख्यमंत्री यादव को ज्ञापन भी सौंपा है।

# चंद्रमा की सतह पर उतरने वाला बना पांचवां देश जापान



**नई दिल्ली।** जापान के स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग मून मिशन (स्लिम) ने चांद की सतह पर सफलतापूर्वक लैंडिग कर ली है। इसके साथ ही जापान चांद पर पहुंचने वाला पांचवां देश बन गया है। जापान से पहले अमेरिका, रूस, चीन और भारत ने चंद्रमा की सतह पर अपने लैंडर उतारे हैं।

जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जाक्सा) के मुताबिक जापान का मानवरहित अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर पहुंच चुका है। चंद्रमा के अध्ययन के लिए भेजे गए स्मार्ट लैंडर ने टोक्यो के समय के अनुसार शनिवार देर रात 12:20 बजे चंद्रमा की सतह पर उतरा है।

स्लिम यात्री वाहन के आकार का हल्का अंतरिक्ष यान है। साफ्ट लैंडिंग के लिए इसने 'पिनपाइंट लैंडिंग' तकनीक का उपयोग किया।

उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 मिशन के तहत भारत के विक्रम लैंडर ने 23 अगस्त, 2023 को चांद के दक्षिण ध्रुव पर साफ्ट लैंडिंग की थी।

# चीन में छोटे बच्चों के स्कूल के छात्रावास में लगी आग, 13 की मौत



**बीजिंग।** चीन के हेनान प्रांत में छोटे बच्चों के एक स्कूल के छात्रावास में आग लगने से 13 लोगों की मौत हो गई। चाइना डेली की रिपोर्ट के अनुसार, आग शुक्रवार रात 11 बजे से पहले नानयांग के फांगचेंग काउंटी के दुशू शहर के यानशानपु गांव स्थित यिंगकाई स्कूल के छात्रावास में लगी।

चाइना डेली के अनुसार, 13 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और एक व्यक्ति बुरी तरह झुलस गया। उसका स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।उसकी हालत स्थिर है। बचावकर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और रात 11:38 बजे आग बुझा दी गई। यह स्कूल किंडरगार्टन और प्राथमिक ग्रेड की शिक्षा प्रदान करता है। यिंगकाई स्कूल काउंटी के डाउनटाउन क्षेत्र से लगभग 20 किलोमीटर दूर है।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल नवंबर में उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत में एक कोयला कंपनी के ऑफिस में आग लगने से 26 लोगों की मौत हो गई थी। पिछले साल अप्रैल में बीजिंग में एक अस्पताल में आग लगने से 29 लोगों की मौत हो गई थी।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# इजरायल के मिसाइल हमले में दमिश्क में चार की मौत



**दमिश्क।** इजरायल ने मिसाइल के जरिए सीरिया के पश्चिमी दमिश्क में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया, जिसके कारण चार लोगों की मौत हो गई। सीरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी साना ने अपनी रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी दी। एजेंसी के मुताबिक इमारत दमिश्क के माजेह के पास थी। इसके अलावा एजेंसी ने कोई विवरण नहीं दिया है।

ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानीकर्ता सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि हमले में चार लोग मारे गइस बीच, इलाके में रहने वाले एक प्रत्यक्षदर्शी ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि उसने तेजी से गुजरती चार से छह मिसाइलों की आवाजें सुनीं और एक क्षेत्र से श्वेत धुआं उठता देखा।

# अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा, अमेरिका के हिंदू मंदिरों में दीपोत्सव

**लॉस एंजेल्स।** अमेरिका के बड़े शहरों न्यू यॉर्क, लॉस एंजेल्स, ह्युस्टन और शिकागो, डलस आदि के बड़े हिंदू और दुर्गा मंदिरों में 21 जनवरी की देर सायं से (भारत में 22 जनवरी) संकीर्तन और महाप्रसाद की तैयारियां की गई है। इन मंदिरों में दीपोत्सव के साथ-साथ हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और अखंड रामायण के पाठ की व्यवस्थाएं की गई हैं। 21 जनवरी की रात से 22 जनवरी देररात महाप्रसाद का वितरण होगा। इस्कॉन मंदिरों में भी पूजन की विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

लॉस एंजेल्स के हिंदू मंदिर के मुख्य पुजारी जगदीश राजगौर के अनुसार अमेरिका में हिंदू समुदाय में भारी उत्साह है। उन्होंने बताया कि न्यू यॉर्क, ह्युस्टन, डलस और शिकागो में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को बड़ी स्क्रीन पर दिखाए जाने के बंदोबस्त किए गए हैं। जबकि अमेरिका के पश्चिमी क्षोर पर 21 जनवरी की देर रात होने के कारण लोगों ने घरों में दीपक जलाने और टीवी पर सीधा प्रसारण देखने के कार्यक्रम बनाए हैं।

इन कार्यक्रमों को सफल बनाने और अधिकाधिक हिंदुओं की भागीदारी के लिए हिंदू स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता कार रैलियां निकाल रहे हैं। इन कार रैलियों के जरिए राम लला की प्राण प्रतिष्ठा और उसके महात्म्य की जानकारियां दी जा रही हैं।